RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 तमिल डेब्यू के लिए...

वर्ष : 27 | अंक : 249 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 28 अगस्त, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भयंकर भूस्खलन

# अभी मलबे में दबे हैं कई श्रद्धालु

### जम्मू जाने वाली 58 ट्रेनें रद्द, 35 लोगों की मौत

**जम्मू-कश्मीर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के कटरा में अर्धकुमारी के पास माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर बुधवार को भारी बारिश के बीच हुए एक भयंकर भूस्खलन में करीब 35 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। रेस्क्यू टीमों का सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है क्योंकि डर है कि मलबे में अभी भी कई लोग फंसे हो सकते हैं। वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर हुई तबाही को देखते हुए रेलवे ने 58 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। बचाव कार्य में एनडीआरएफ व सेना के जवान लगे हुए हैं।

भारी बारिश ने जम्मू-कश्मीर में कहर मचाया हुआ है, जिससे बाढ़ और भूस्खलन हुए हैं। जम्मू में कटरा से लेकर डोडा तक महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान पहुंचा है। कई पुल टूट गए हैं और बिजली की लाइनें और मोबाइल टॉवर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। लगातार भारी बारिश के कारण जिले में बाढ़ और जलजमाव के चलते अब तक 3,500 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा चुका है।





### स्कूल कॉलेज बंद

राज्य की शिक्षा मंत्री सकीना ईटू ने कहा कि खराब मौसम के कारण जम्मू-कश्मीर के स्कूल और कॉलेज गुरुवार को बंद रहेंगे। भारतीय वायुसेना ने बुधवार को जम्मू और उत्तर पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य के लिए छह हेलिकॉप्टर ऑपरेशन में शामिल किए। अधिकारियों के मुताबिक, गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक से 38 सेना कर्मियों और 10 बीएसएफ कर्मियों को सुरक्षित निकालने के लिए हाई-स्टेक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

### भारी बारिश का अलर्ट

जम्मू और आसपास के इलाकों में तेज आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश और ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है. सबसे ज्यादा प्रभावित जगहों में जम्मू शहर, आरएस पुरा, सांबा, अखनूर, नगरोटा, कोट भलवाल, बिश्नाह, विजयपुर, पुर्मंडल और कठुआ व उधमपुर के कुछ हिस्से शामिल हैं। वहीं, रेयासी, रामबन, डोडा, बिलावर, कटरा, रामनगर, हीरानगर, गूल, बनिहाल और सांबा व कठुआ जिलों के आसपास के हिस्सों में हल्की बारिश दर्ज की गई।

## दिल्ली में बाढ़ का खतरा

### पानी खतरे के निशान से ऊपर पहुंचा



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के कारण राजधानी में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है, जिसके चलते प्रशासन ने बाढ़ की चेतावनी जारी की है। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान 205.33 मीटर को पार कर गया है। यमुना का जलस्तर 205.41 मीटर पर पहुंच गया है। 2-3 दिन में यमुना का जलस्तर और बढ़ सकता है। प्रशासन ने बाढ़ के खतरे को देखते हुए मयूर विहार में यमुना किनारे रहने वाले लोगों के लिए अस्थाई टेंट लगाए हैं। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## हिमाचल में अब तक 310 लोगों की मौत, 2623 करोड़ का नुकसान

**शिमला ( एजेंसी )।** हिमाचल प्रदेश में चल रहे मानसून के मौसम में 20 जून से अब तक 310 लोगों की जान जा चुकी है, जिनमें से 158 मौतें भूस्खलन, अचानक बाढ़, बादल फटने, डूबने, बिजली का झटका लगने और अन्य मौसम संबंधी आपदाओं जैसी बारिश से जुड़ी घटनाओं के कारण हुईं, जबकि 152 मौतें सड़क दुर्घटनाओं के कारण हुईं। 20 जून से 27 अगस्त तक की अवधि को कवर करने वाली संचयी रिपोर्ट से पता चलता है कि 369 लोग घायल हुए हैं और 38 लापता हैं। भारी बारिश ने पशुधन को भी प्रभावित किया है, इस मौसम में 1,852 पशु और 25,755 मुर्गी पक्षी मारे गए हैं। सार्वजनिक और निजी संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है। सड़कों, जल आपूर्ति प्रणालियों और बिजली लाइनों सहित सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को 2,44,000 लाख रुपये से अधिक का नुकसान आंका गया है, जबकि घरों, दुकानों, गौशालाओं और फसलों सहित निजी संपत्ति के नुकसान का मूल्य 18,000 लाख रुपये से अधिक है, जिससे (शेष पृष्ठ-4 पर)

## ग्रेटर नोएडा में करंट लगने से युवक की मौत, परिजनों ने लगाया जाम





**नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जैतपुर क्षेत्र में गुरुवार सुबह 33 वर्षीय हरिंदर कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने कंपनी मालिक पर करंट लगाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि हरिंदर गुरुवार सुबह बकाया वेतन लेने कंपनी गया था, तभी उसकी मौत हो गई। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## परिवहन विभाग में अपडेट नहीं है 4 लाख वाहन चालकों के मोबाइल नंबर

### विशेष अभियान में मोबाइल अपलोड करा लें वाहन चालक : डॉ. सियाराम वर्मा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** परिवहन विभाग के पास अभी भी करीब 4 लाख डीएल धारक वाहन चालकों/स्वामियों के मोबाइल नंबर विभाग में दर्ज नहीं हैं। ऐसे लोगों के लिए एक विशेष अभियान चलाकर ऐसे वाहन चालकों का मोबाइल नंबर अपडेट किया जाएगा। यह जानकारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ प्रशासन) डॉ. सियाराम वर्मा ने दी है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान जो वाहन स्वामी/चालक अपना मोबाइल नंबर ऑन लाइन अपडेट नहीं कर सकेंगे उनको परिवहन कार्यालय द्वारा सहायता डेस्क/ हेल्प काउंटर पर परिवहन पोर्टल पर आधार प्रमाणित मोबाइल नंबर अपडेट कराने में सहयोग दिया जाएगा। ऐसे वाहन चालक किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपना आवेदन पेश कर सकते हैं। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## श्री सनातन धर्म रामलीला समिति का भूमि पूजन 31 को

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा की सबसे पुरानी रामलीला का आयोजन करने वाली श्री सनातन धर्म रामलीला समिति द्वारा नोएडा स्टेडियम में भूमि पूजन 31 अगस्त को प्रात है 10 बजे किया जाएगा। यह जानकारी श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के महामंत्री एवं गौतमबुद्धनगर की सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा की प्रतिदिन प्रतिनिधि संजय बाली ने दी है। श्री संजय वाली ने बताया कि नोएडा स्टेडियम में प्रात: 10 बजे प्रखंड पंडित द्वारा वैदिक मेंट्रो उपचार के बीच भूमि पूजन किया जाएगा इसके बाद रामलीला मंथन के पंडाल की तैयारी का काम शुरू हो जाएगा। इस मौके पर गौतमबुद्धनगर के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा, नोएडा के विधायक पंकज सिंह, पूर्व विधायक विमला बाथम, उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता, भाजपा की नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, डॉ टीएन गोविल, टीएन चौरसिया, सुशील भारद्वाज आदि कमेटी के पदाधिकारी हुआ सदस्य भी मौजूद रहेंगे।

## 12 किलो गांजा समेत 3 तस्कर गिरफ्तार



**नोएडा ( चेतना मंच )।** मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फेस 2 पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 12 किलो गांजा बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। स्पाइरल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के पास खड़े दो व्यक्ति पुलिस को देखकर लागने लगे। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने दोनों को घेर लिया। दोनों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली गई तो उनके बैग से 10 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम बदल साहू पुत्र भूपेंद्र साहू निवासी पश्चिम बंगाल व जीवन पलर निवासी पश्चिम बंगाल बताया। दोनों आरोपियों ने बताया कि वह जगह-जगह खड़े होकर नशे के आदि लोगों को गांजा बेचते हैं।

थाना फेस-2 पुलिस ने सेक्टर 88 के पास से रोहित सिंह पुत्र जय नारायण को हिरासत में लिया। तलाशी में इसके पास से 2 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में रोहित सिंह ने बताया कि वह अपने साथी विकास चौहान तथा जयप्रकाश से गांजा लाकर लोगों को बेचता है। पुलिस ने आरोपी व उसके साथियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## महिला कार चालक ने स्कूटी में मारी टक्कर, दो घायल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर तेज गति में कार चला रही महिला ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक महिला मौके से फरार हो गई। पीड़ितों ने थाना सेक्टर-126 में कार चालक महिला के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।




सेक्टर-93 की ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में रहने वाले अभिषेक सोनी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने दोस्त ध्रुव गुप्ता के साथ स्कूटी पर सवार होकर नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से नोएडा की तरफ आ रहा था। इस दौरान पीछे से तेज गति में कार लेकर आ रही महिला ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनकी स्कूटी क्षतिग्रस्त और वह घायल हो गए। हादसे के बाद महिला उनकी सहायता करने के बजाय मौके से फरार हो गई। प्राथमिक चिकित्सा लेने के पश्चात उन्होंने महिला के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराए गए कार नंबर के आधार पर महिला की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## उधार के पैसे मांगना दम्पत्ति को महंगा पड़ा, 4 पर मुकदमा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उधार दिए गए 8 लाख रुपए वापस मांगना एकदम दंपत्ति को खासा महंगा पड़ा। आरोपियों ने पैसे वापस मांगने पर दंपति के साथ मारपीट की। पीड़ित ने थाना जेवर में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम रनहेरा निवासी महबूब पुत्र जयदेव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने यासीन को 8 लाख रुपए उधार दिए थे। निर्धारित समय बीतने के बाद भी यासीन इन पैसों को वापस नहीं कर रहा था। 23 अगस्त की सुबह वह अपनी पत्नी के साथ यासीन के घर पहुंचा और उधार दिए गए पैसे वापस मांगे। पैसे वापस मांगने पर




यासीन और उसके बेटे भड़क उठे और उन्होंने गाली गलौज शुरू कर दी। उन्होंने जब गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। मारपीट की यह पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पीड़ित ने यासीन, फिरोज, गुलफान व अब्बास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## छात्रा के साथ मारपीट व गाली गलौज

### पिता-पुत्र पर मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** स्कूल में साथी छात्रा के साथ हुए विवाद के बाद परिजनों ने छात्रा के साथ गाली गलौज व मारपीट की। आरोपियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इस संबंध में थाना जेवर में पिता पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।



ग्राम कानीगढ़ी निवासी इंद्राज ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी बेटी और वेदपाल की बेटी एक ही स्कूल में पढ़ती हैं। किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया था। इंद्राज के मुताबिक उनकी बेटी जब स्कूल से वापस आ रही थी तो रास्ते में वेदपाल व उसके बेटे विजय ने उसे रोक लिया और भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। उसकी बेटी ने जब गाली देने का विरोध किया तो पिता पुत्र ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। मारपीट के बाद दोनों आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## मुठभेड़ में दो शातिर चोर दबोचे, एक को लगी गोली

### मंदिर व स्टोर में हुई चोरी का किया खुलासा, बाइक व नकदी बरामद


**नोएडा ( चेतना मंच )।** चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को थाना सेक्टर 113 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। जबकि उसके दूसरे साथी को पुलिस ने कांबिंग के दौरान दबोचा। पकड़े गए बदमाशों ने बीते दिनों मंदिर के दान पात्र तथा एक स्टोर से कैश बॉक्स चोरी करने की घटना को अंजाम दिया था।



नोएडा जोन के एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ जोडियक चौराहे के पास चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान बाइक पर आ रहे दो युवक पुलिस को देखकर मुड़कर भागने लगे। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने पीछा किया तो उन्होंने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया जबकि दूसरा वहां से फरार हो गया। एडीसीपी ने बताया कि कि पकड़े गए बदमाश की पहचान कन्हैया पुत्र बद्री पासवान निवासी बिहार के रूप में हुई। वह हाल में गाजियाबाद में रह रहा था। इसके पास से तमंचा, कारतूस,चोरी के 25900 रुपए तथा घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई। घायल कन्हैया को पुलिस ने तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस टीम ने कांबिंग के दौरान कन्हैया के साथी रोहित पुत्र राकेश निवासी जनपद सीतापुर को भी दबोच लिया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उन्होंने 18, 19 अगस्त की रात्रि को मंदिर के दान पात्र से चोरी की थी। इसके अलावा करीब 20 दिन पहले उन्होंने सेक्टर-116 स्थित स्टोर से कैश बॉक्स चोरी किया था। कैश बॉक्स से पैसे निकालने के बाद उन्होंने उसे हिंडन नदी में फेंक दिया था। आरोपियों ने चोरी की कई अन्य घटनाओं को भी अंजाम देना स्वीकार किया है।

## मोबाइल छीनकर व्हाट्सएप से पैसे मांग रहे झपटमार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के बी ब्लॉक में बाइक सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति से मोबाइल फोन छीन लिया। बदमाश छीने गए मोबाइल फोन से पीड़ित के परिजनों व जानकारों को व्हाट्सएप से मैसेज कर पैसे मंगवा रहे हैं।



मामूरा गांव में रहने वाले इमामुद्दीन अहमद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 18 अगस्त को सेक्टर 63 बी ब्लॉक से जा रहा था। इस दौरान बाइक पर पीछे से आए दो बदमाशों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। उसने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। पीड़ित के मुताबिक छीने गए मोबाइल फोन के जरिए बदमाश उसके परिचितों को व्हाट्सएप पर मैसेज कर पैसे मंगवा रहे हैं। उसके कई परिचितों ने इस तरह का मैसेज आने की जानकारी उसे दी। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और बदमाशों की तलाश का प्रयास किया जा रहा है। बदमाशों की धर पकड़ के लिए सर्विलेंस सेल का भी सहारा लिया जा रहा है।

## मरीजों की हताशा

चिट्ठियां लवों पे आएं, संघर्ष सड़क पे आ जाते हैं। कुछ इस तरह के माहौल का जिक्र इस वक्त प्रदेश के सरकारी अस्पतालों का होने लगा है। पालमपुर अस्पताल के सात डाक्टरों की रुखसती ने भाजपा का मूड विद्रोही बना दिया और सड़कों पर निकले जुलूस ने बता दिया कि जनता क्यों तड़पती है। वैसे धर्मशाला के जोनल अस्पताल का आईएसओ रैंक भी अनुमोदित पदों को नहीं भर रहा। जिस अस्पताल में 13 डाक्टरों का टोटा हो उसके लिए वेंटिलेटर चाहिए या मरीजों की हताशा को रोकने का कोई कारण समझ आएगा। सोलन के धर्मपुर की सीएचसी में ही छह डाक्टर उपलब्ध नहीं हैं, तो स्वास्थ्य मंत्री का ताज अपने जिला में बदरंग तो जरूर हुआ। अभी एक चिट्ठी कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री आशा कुमारी की सोशल मीडिया में अर्ज कर रही है कि चंबा के किलाड़ अस्पताल के डाक्टरों के दस पदों की शून्यता मिटाई जाए। वह सलूणी के चिकित्सा केंद्र के लिए अनुमोदित आठ पदों से सात की कमी को खंगालती हुई कई रिक्तियों का हवाला देती हैं। चिकित्सा के मानदंडों में शिकायतों का अंबार अगर लड़ रहा है, तो इसका प्राथमिकता के आधार पर निवारण होना चाहिए। डाक्टरी दक्षता का तो सवाल ही नहीं, यहां तो प्राथमिक गिनती में ही खामियां निकल रही हैं। जाहिर है पालमपुर-धर्मशाला के डाक्टरों को अकसर टांडा में शिफ्ट किया जाता है। ये जो मेडिकल कालेज हैं, इनकी रूपरेखा में पिछले दो दशकों में हिमाचल ने अपनी चिकित्सा व्यवस्था को कमजोर किया है। चिकित्सा सेवाओं के सरकारी आचरण में आ रहे बिखराव के कारण ही निजी अस्पतालों की प्रगति सुनिश्चित हो रही है। हर तरह के एक्सपर्ट डाक्टर, निजी क्षेत्र की पहुंच से हर जगह उपलब्ध हैं। सबसे अधिक हैरान कर देने वाले आंकड़े हार्ट सेक्शन में मिलेंगे, जहां डाक्टरी की स्टंटबाजी में हर दिल में सुराख ढूंढ कर स्टंट चस्पां किया जा रहा है। हैरानी यह कि हमारे सरकारी मेडिकल कालेज वो काम कर रहे हैं जो सरकारी सीएचसी, पीएचसी, सिविल, क्षेत्रीय और जोनल अस्पतालों को कर लेना चाहिए। आश्चर्य यह भी कि सरकारी अस्पतालों में न जच्चा और न बच्चा, और न बुजुर्गों को सुविधा हो रही है। हमारा रैफरल सिस्टम एक ऐसी चिकित्सा यात्रा में तबदील हो चुका है, जो मरीजों को अंत में या तो निजी अस्पतालों के सहारे छोड़ देता है, हमारी चिकित्सकीय मजबूरियां हमें चंडीगढ़ पीजीआई के गेट पर या बाहरी राज्यों के अस्पतालों के एहसास में विश्वास दिलाती हैं। होगा चंबा में मेडिकल कालेज, मगर बिस्तरे तो टीएमसी के भर रहे हैं। होगा नाहन में मेडिकल कालेज, मगर अभी निर्माण के नक्शे में विराम भर रहे हैं। हमारा करिश्मा नेरचौक की कहानी को बिलासपुर के एम्स में पूरा करता है, तो हमीरपुर मेडिकल कालेज के शिलालेख पर रंगस के ख्वाब भर देता है। अस्पताल निर्माण हिमाचल का ख्वाब है। हम सियासी तौर पर संपन्न होते हैं जब बगल में मेडिकल कालेज लेकर चलते हैं, इसलिए उस तारीख का इंतजार है जब ऊना में पीजीआई सेटेलाइट सेंटर के जरिए एक मंच सजेगा और चंद राजनीतिक हस्तियों का ढोल बजेगा। असली दवाई एक गोली है, जो किसी डिस्पेंसरी में मरीज का हाल पूछती है। डिस्पेंसरी में कितने रोग दुरुस्त हो सकते हैं, इसका अनुमान अगर स्वास्थ्य विभाग लगाए, तो यही कार्यशैली सीएचसी, पीएचसी, सिविल, क्षेत्रीय और जोनल अस्पतालों को जीवंत कर सकती है। मेडिकल कालेजों को अगर श्रेष्ठता के स्तर तक पहुंचाना है तो निचले स्तर तक मेडिकल श्रृंखला को भी श्रेष्ठ बनाना पड़ेगा। अगर धर्मशाला के जोनल अस्पताल में एक साथ तेरह डाक्टरों के पद रिक्त होंगे, तो टीएमसी भी बेहाल होगा। वर्तमान सरकार ने आते ही चिकित्सा विभाग की नब्ज पकड़ते हुए इमरजेंसी सेवाओं के विस्तार में सिविल अस्पतालों में भी छह एक्सपर्ट डाक्टर बैठाने की घोषणा की थी, लेकिन सांसों के सौदे में अब निजी क्षेत्र के अस्पताल का तराजू कहीं अधिक कीमती होने लगा है। बेशक सरकार को दुआएं लेनी हैं, तो डिस्पेंसरी तक दस्तक देनी होगी।

## रामचरित मानस

**पिछले अंक में आपने पढ़ा था कि मार्ग में चले जाते हुए मुनि ने ताड़का को दिखलाया। शब्द सुनते ही वह क्रोध करके दौड़ी। श्री रामजी ने एक ही बाण से उसके प्राण हर लिए और दीन जानकर उसको निजपद ( अपना दिव्य स्वरूप ) दिया॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**तब रिषि निज नाथहि जियँ चीन्ही। बिद्यानिधि कहुँ बिद्या दीन्ही॥**
**जाते लाग न छुधा पिपासा। अतुलित बल तनु तेज प्रकासा॥**

तब ऋषि विश्वामित्र ने प्रभु को मन में विद्या का भंडार समझते हुए भी (लीला को पूर्ण करने के लिए) ऐसी विद्या दी, जिससे भूख-प्यास न लगे और शरीर में अतुलित बल और तेज का प्रकाश हो॥

**दो0-आयुध सर्ब समर्पि कै प्रभु निज आश्रम आनि।**
**कंद मूल फल भोजन दीन्ह भगति हित जानि॥**

सब अस्त्र-शस्त्र समर्पण करके मुनि प्रभु श्री रामजी को अपने आश्रम में ले आए और उन्हें परम हितू जानकर भक्तिपूर्वक कंद, मूल और फल का भोजन कराया॥

**प्रात कहा मुनि सन रघुराई। निर्भय जग्य करहु तुम्ह जाई॥**
**होम करन लागे मुनि झारी। आपु रहे मख कीं रखवारी॥**

सबेरे श्री रघुनाथजी ने मुनि से कहा- आप जाकर निडर होकर यज्ञ कीजिए। यह सुनकर सब मुनि हवन करने लगे। आप (श्री रामजी) यज्ञ की रखवाली पर रहे॥ (क्रमशः..)

# संघ प्रमुख के व्याख्यान से साफ होगी वैचारिक तस्वीर



संघ प्रमुख इसके पहले साल 2018 में भी इसी तरह का व्याख्यान दे चुके हैं। जिसमें संघ प्रमुख मोहन राव भागवत ने संगठन के विचारों से उन लोगों का परिचय कराने की कोशिश की थी, जो संघ से परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से नहीं जुड़े हैं।

संवाद और शास्त्रार्थ की परंपरा वाले देश में हाल के दिनों में सार्वजनिक चर्चाओं की गुंजाइश लगातार कम हुई है। इसे कभी असहिष्णुता तो तभी दूसरे विचार की उपेक्षा के तौर पर देखा गया है। देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद प्रधानमंत्री तक से शिकायत है कि संवाद नहीं रहा। ऐसे माहौल में अगर देश का पुराना संगठन और उसका प्रमुख खुद संवाद के लिए आगे आता है तो उसका भी स्वागत होना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन राव भागवत की दिल्ली में होने जा रहे संवाद कार्यक्रम के जरिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने खुद पर उठने वाले सामाजिक और राजनीतिक सवालों के साथ ही आक्षेपित आरोपों पर जवाब देने की तैयारी है। इस कार्यक्रम के लिए राजनीतिक दलों की हस्तियों को भी आमंत्रित किया गया है, देखना है कि कितने दलों के लोग इसमें शामिल होते हैं।

संघ प्रमुख इसके पहले साल 2018 में भी इसी तरह का व्याख्यान दे चुके हैं। जिसमें संघ प्रमुख मोहन राव भागवत ने संगठन के विचारों से उन लोगों का परिचय कराने की कोशिश की थी, जो संघ से परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से नहीं जुड़े हैं। संघ से जो जुड़े हैं, जो उसके कार्यकर्ता हैं, जो स्वयंसेवक हैं, वे जानते हैं कि संघ है क्या, संघ की सोच क्या है और संघ किन विचारों के साथ आगे बढ़ रहा है। बहरहाल साल 2018 का वह आयोजन सिर्फ दिल्ली में हुआ था। संघ ने इस बीच अपनी स्थापना की शतकीय यात्रा पूरी करने की ओर है। विजयादशमी के दिन साल 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस विजयादशमी को अपनी सौ साल की गौरवपूर्ण यात्रा पूरी कर लेगा। जाहिर है कि यह संघ शताब्दी वर्ष है, इस लिहाज से इस बार संघ की कोशिश अपने विचार को जन-जन और हर परिवार तक पहुंचाने की है। यही वजह है कि इस बार मोहन राव भागवत का यह संवाद कार्यक्रम इस बार बेंगलुरु, कोलकाता और मुंबई में संघ में भी आयोजित किया जाना है। संघ के आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि हो सकता है कि इसके अलावे भी अन्य जगहों पर भी व्याख्यान आयोजित किए जाएं।

किसी संगठन का सौ साल पूरा कर लेना मामूली बात नहीं है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी 100 साल की यात्रा में समाज के हर वर्ग तक पहुंचने की कोशिश की है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मोहन राव भागवत के इस शताब्दी व्याख्यान के लिए गंभीर तैयारियां की हैं। संघ ने आगंतुकों के लिए 17 श्रेणियां और 138 उप-श्रेणियां बनाई हैं।

संघ सर्वदा यह जताने की कोशिश करता रहा है कि उसकी सोच, उसका विचार अन्य लोगों से अलग नहीं है। संघ को उसके विरोधियों ने भले ही कभी अछूत तो कभी सांप्रदायिक कहने की कोशिश की हो, लेकिन संघ ने उनके प्रति भी कभी वैमनस्यबोध नहीं रखा और ना ही उनके साथ कोई छुआछूत की भावना रखी। संघ के कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अनुभवों से गुजरते हुए पता चला है कि उन्हें विरोधी राजनीतिक विचारधारा वाले नेताओं और बड़ी हस्तियों तक से मिलने, साथ चाय-पानी करने, भोजन करने, सहयोग करने-कराने तक का अवसर मिला है। संघ जरूर एक बात पर जोर देता है कि उसकी सोच भारत की स्थापित और मूल्यवान परंपराओं से प्रभावित है। संघ भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में गहराई से विश्वास करता है, इसीलिए वह हर भारतीय मे हिंदुत्व के मूल को देखने-समझने की कोशिश करता रहा है।

संघ पर गांधी जी को लेकर कई मिथ्या आरोप लगते रहे हैं। लेकिन सच यह भी है कि गांधी जी संघ के वर्ग को देखने गए थे। 27 सितंबर 1947 के हरिजन के अंक में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 1936 में वर्धा के पास लगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर में गांधी जी गए थे। उसके अगले दिन गांधी जी के वर्धा स्थित तत्कालीन निवास पर डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने भेंट की थी। माना जा रहा है कि संघ प्रमुख के कल से होने वाले व्याख्यान में एक बार फिर इसकी चर्चा हो सकती है। चूंकि संघ का दृष्टिकोण राष्ट्र की प्रगति के लिए सभी के साथ मिलकर काम करना है। लिहाजा संघ के इस व्याख्यान का एक उद्देश्य यह भी है कि वह अपनी सौ साल की विकास यात्रा में समूचे देश के साथ जुड़े और समूचा देश एक साथ आगे बढ़ता रहे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पंच परिवर्तन के सिद्धांत स्वीकार रखा है और इन्हीं बिंदुओं पर समाज के बीच काम कर रहा है। संघ के पंच परिवर्तन का पहला बिंदु है, ससामाजिक समरसता। इसके तहत संघ और उसके असंख्य कार्यकर्ता लगातार समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सौहार्द और प्रेम बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए काम कर रहे हैं। संघ के पंच परिवर्तन का दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु है कुटुम्ब प्रबोधन, जिसके तहत संघ की कोशिश राष्ट्र के विकास में परिवार को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली इकाई के रूप में संवर्धित करने के प्रयासों में लगातार जुटा है। पंच परिवर्तन के तीसरे बिंदु पर्यावरण संरक्षण के तरह संघ पृथ्वी को माता तो मानता ही, इसी आधार पर पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार सक्रिय रहता है और अपने स्वयंसेवकों के साथ ही समाज से ही आशा करता है कि वह भी ऐसा ही करे। पंच परिवर्तन के चौथे बिंदु स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के तहत संघ अपने विभिन्न सहयोगी संगठनों और प्रकल्पों के माध्यम से लगातार देश की स्वदेशी अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भरता की दिशा में काम कर रहा है। पंच परिवर्तन के पांचवें बिंदु नागरिक कर्तव्य के तहत संघ की कोशिश देश के हर नागरिक की वैचारिकी को इस तरह स्थापित करना है कि वह अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन बखूबी कर सके और इस तरह राष्ट्रहित में अपना अप्रतिम योगदान दे सके। ऐसा कहा जा रहा है कि मोहन भागवत के इस व्याख्यान में इस बार इन पंच परिवर्तन के बिंदुओं पर जोर रहेगा और इसके तहत लोगों के बीच संघ अपनी बात, अपनी सोच और अपनी वैचारिकी को ना सिर्फ स्थापित करने की कोशिश करेगा, बल्कि इसके जरिए राष्ट्रहित में अपना अन्यतम योगदान दे सकेगा। संघ को लेकर एक वैचारिकी को स्थापित किया गया है कि वह अल्पसंख्यक विरोधी है। लेकिन यह सोच भी एकांगी है। संघ हर उस विचार और सोच का विरोधी है, जो भारतीयता या राष्ट्र का विरोधी है। संघ ना तो अल्पसंख्यक विरोधी है और ना ही समाज में ऊंचनीच का भाव बढ़ाने की कोशिश करता है। साल 2018 के व्याख्यान में मोहन राव भागवत ने इसे बखूबी रेखांकित करके संघ के दामन पर लगे मिथ्या आरोपों की दाग को साफ करने की कोशिश की थी। माना जा रहा है कि इस बार के व्याख्यान में संघ प्रमुख इस बारे में अपनी राय और गंभीरता से रखते हुए संघ के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करेंगे।

साल 2018 में सरसंघचालक भागवत ने 'भविष्य का भारत' विषय पर व्याख्यान दिया था। तब उन्होंने समलैंगिकता, गौरक्षकों को लेकर उठ रही आवाजों, आरक्षण, अंतर्जातीय विवाह और जनसंख्या नीति जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आरएसएस के रुख को स्पष्ट किया। इन बिंदुओं पर व्याख्यान संघ की स्थिति को स्पष्ट करने, आलोचनाओं का प्रतिकार करने और इस बात पर जोर देने के लिए एक अभियान का हिस्सा थे कि हिंदुत्व के बारे में उनका दृष्टिकोण क्या है। उस व्याख्यान में संघ प्रमुख ने संघ के दूसरे प्रमुख गुरू गोलवलकर की चर्चित पुस्तक 'ब्रंच ऑफ थॉट' पर उठने वाले सवालों का जवाब भी दिया था। तब उन्होंने कहा था कि संघ ऐसा संगठन नहीं है, जो एक ही विचार पर ठहरा रहे। दूसरे शब्दों में कहें तो संघ गतिशील संगठन है। हां, उसका मूल भारत, भारतीयता, भारतीय संस्कृति और हिंदुत्व है। लेकिन इसका मतलब नहीं है कि वह ठस्स विचारों पर अपनी सोच को अटकाए रखे। समय और स्थिति के लिहाज से उसकी वैचारिकी में भी गतिशीलता रहती है। माना जा रहा है कि संघ प्रमुख इस बार भी ऐसी कोई गतिशील सोच और वैचारिकी को प्रस्तुत कर सकते हैं।

**-उमेश चतुर्वेदी**

# चीन की मोनोपोली को मोदी की खुली चुनौती

आज की दुनिया में रेयर अर्थ मैग्नेट्स और क्रिटिकल मिनरल्स (जैसे लिथियम, कोबाल्ट, निकल) बिना इलेक्ट्रिक वाहन, सेमीकंडक्टर और बैटरी इंडस्ट्री की कल्पना भी नहीं की जा सकती। अब तक इन संसाधनों पर चीन का जबर्दस्त वर्चस्व रहा है। मोदी सरकार ने National Critical Mineral Mission की शुरुआत कर भारत में क्रिटिकल मिनरल्स की जरूरत को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इस मिशन के तहत भारत के विभिन्न हिस्सों में खोज अभियान चलाकर घरेलू खनिज क्षमता बढ़ाई जा रही है। लक्ष्य यह है कि भारत को rare earth supply chains के लिए आत्मनिर्भर बनाया जाए और विदेशी दबाव कम हो। यह कदम सीधा चीन की rare earth monopoly को चुनौती देता है, क्योंकि अब भारत खुद अपनी सप्लाई लाइन तैयार करेगा।

हम आपको बता दें कि मोदी के नेतृत्व में Make in India केवल नारा नहीं, बल्कि वैश्विक उद्योग रणनीति बन चुकी है। Maruti Suzuki की e-Vitara का शुभारंभ भारत को वैश्विक ईवी एक्सपोर्ट हब बनाने की दिशा में मील का पत्थर है। अब भारत से बनी ईवी 100 देशों में, जापान और यूरोप जैसे बाज़ारों तक निर्यात होंगी। हम आपको बता दें कि गुजरात के




हम आपको बता दें कि मोदी के नेतृत्व में Make in India केवल नारा नहीं, बल्कि वैश्विक उद्योग रणनीति बन चुकी है। Maruti Suzuki की e-Vitara का शुभारंभ भारत को वैश्विक ईवी एक्सपोर्ट हब बनाने की दिशा में मील का पत्थर है।

हंसलपुर में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड और लिथियम-आयन प्लांट का शुभारंभ हुआ है, जिससे बैटरी इकोसिस्टम घरेलू स्तर पर मजबूत होगा। साथ ही, भारत में अगले 5-6 वर्षों में 70,000 करोड़ का निवेश आ रहा है, जो सीधे ईवी और बैटरी सेक्टर को टार्गेट करता है। इसके अलावा, सेमीकंडक्टर फैब्स और बैटरी मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी यह पूरी चेन भारत को चीन के विकल्प के रूप में स्थापित कर रही है।

हम आपको बता दें कि अब तक इलेक्ट्रिक वाहनों की सप्लाई चेन में चीन का लगभग 80 प्रतिशत नियंत्रण था— खासकर रेयर अर्थ माइनिंग, प्रोसेसिंग और बैटरी निर्माण में। मोदी सरकार का National Critical Mineral Mission इस निर्भरता को तोड़ने का बड़ा कदम है। ईवी और बैटरी प्लांट्स का लोकलाइज़ेशन, सेमीकंडक्टर उत्पादन और क्रिटिकल मिनरल्स की खोज भारत को स्ट्रैटेजिक स्वतंत्रता देगा। इससे अमेरिका, जापान और यूरोप जैसे देशों को भी भारत एक विश्वसनीय सप्लायर दिखाई देगा।

Maruti Suzuki की e-Vitara का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा— "Make in India, Make for the World" प्रधानमंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर सेक्टर में भारत तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और भारत सरकार को यह भी पता है कि ऑटो उद्योग के लिए रेयर अर्थ मैंगनीज़ की कमी है। इस दिशा में उद्योग की क्षमता बढ़ाने के लिए हमने राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन की भी शुरुआत की है। इसके तहत देश के अलग-अलग हिस्सों में और अधिक खोज अभियानों को अंजाम दिया जाएगा और महत्वपूर्ण खनिजों की खोज की जाएगी।

हम आपको बता दें कि पिछले 10 वर्षों में भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 500% बढ़ा है साथ ही मोबाइल फोन में 2700% और रक्षा उत्पादन में 200% की वृद्धि हुई है। देखा जाये तो भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, युवा डेमोग्राफी और स्किल्ड वर्कफोर्स निवेशकों के लिए Win-Win Situation बना रही है। आने वाले वर्षों में भारत ईवी, बैटरी और सेमीकंडक्टर का ग्लोबल हब बनने की ओर बढ़ रहा है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि मोदी का यह अभियान केवल औद्योगिक नीति नहीं, बल्कि एक भू-राजनीतिक रणनीति भी है। रेयर अर्थ और ईवी सेक्टर में आत्मनिर्भरता हासिल करके भारत न सिर्फ चीन की मोनोपोली को तोड़ेगा, बल्कि आने वाले दशक में नई टेक्नॉलॉजी का वैश्विक केंद्र भी बनेगा।

– नीरज कुमार दुबे

## राशिफल

भाद्रपद माह, शुक्ल पक्ष पंचमी | (विक्रम संवत् 2082)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
परिस्थितियां अनुकूल हैं। नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी है। वैवाहिक स्थिति बहुत अच्छी है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
इस समय शत्रुता सामने आएगी। लेकिन आपका दबदबा कायम रहेगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय, लिखने-पढ़ने के लिए अच्छा समय। लेकिन भावुकता पर नियंत्रण रखें।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी के प्रबल योग हैं। लेकिन गृहकलह के संकेत हैं। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धन आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार, प्रेम-संतान का साथ व व्यापार अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं उपलब्ध होंगी। स्वास्थ्य में सुधार।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य ठीक ठाक। प्रेम-संतान मध्यम है व व्यापार अच्छा रहेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
आय के नए सोर्स बनेंगे। पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार अच्छा रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक सफलता मिलेगी। प्रेम-संतान में सुधार होगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
परिस्थितियां अनुकूल हैं। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम, संतान अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। कोई रिस्क मत लें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर विभिन्न संगठनों के साथ बैठक



**नोएडा ( चेतना मंच )।** आगामी 25 से 29 सितम्बर 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 को लेकर जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में एक्सपो मार्ट सभागार में उद्यमी संगठनों एवं शिक्षण संस्थानों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यह आयोजन प्रदेश की औद्योगिक, शैक्षणिक एवं उद्यमिता क्षमता को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का एक अनूठा अवसर है। उन्होंने उद्यमी संगठनों एवं शिक्षण संस्थानों से अपेक्षा की कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने बताया कि ट्रेड शो में विभिन्न क्षेत्रों के उत्पादों, सेवाओं एवं नवाचारों को प्रदर्शित करने हेतु विशेष प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से प्रतिभागियों को सभी आवश्यक सुविधाएँ एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा ताकि आयोजन का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुँच सके।

जिलाधिकारी ने उद्यमी संगठनों के पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि आप इंटरनेशनल ट्रेड शो के महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करें, ताकि उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक आकर्षण का शानदार प्रदर्शन हो एवं प्रदेश तेज गति से विकास की ओर अग्रसर हो सके।

इसी क्रम में उन्होंने शिक्षण संस्थानों के पदाधिकारियों से कहा कि वे अपने विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को नवाचार और शोधपरक गतिविधियों के साथ इस आयोजन से जोड़ें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय कॉलेज तथा स्कूली छात्रों के माध्यम से विभिन्न एक्टिविटी करते हुए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि उद्योग जगत, स्टार्टअप्स एवं संस्थान मिलकर इस अवसर को प्रदेश की आर्थिक प्रगति एवं वैश्विक व्यापारिक संबंधों को सुदृढ़ करने में योगदान दें। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए और आयोजन में सहयोग का आश्वासन दिया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, सिटी मजिस्ट्रेट विवेक भदोरिया, डिप्टी कलेक्टर दुर्गेश सिंह, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, उद्यमी संगठनों एवं शिक्षण संस्थानों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अरावली अपार्टमेंट में गूंजा गणपति बप्पा मोरया



**नोएडा ( चेतना मंच )।** बी-3 अरावली अपार्टमेंट सेक्टर-34 में गणेश चतुर्थी बहुत ही धूमधाम से मनाई गयी। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि 7 वर्ष पूर्व गणेश चतुर्थी के दिन ही सोसाइटी के मुख्य द्वार पर गणेशजी मूर्ति की स्थापना की गयी थी,और आज 7 वर्ष पूर्ण होने पर गणेश चतुर्थी के दिन पूजा-अर्चना की गई, पुष्पांजलि, गणेश वंदना, गणेश आरती, मोदक भोग आदि विशेष रूप से निवासियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा, प्रदीप सिंह अविनाश कुमार सविता केदार, अजय रस्तोगी,पदमा नायडू ए के श्रीवास्तव आर पी वर्मा, अजय श्रीवास्तव, रणधीर कुमार ज्योत्सनामयी आचार्य, सहित सैकड़ों निवासीगण उपस्थित रहे।

# ‘30 तक आईटीआई में प्रवेश की तैयारी पूरी कर लें अभ्यर्थी’

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा, गौतम बुद्ध नगर के प्रधानाचार्य यज्ञ देव सिंह ने बताया कि जनपदीय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों में प्रवेश सत्र अगस्त-2025 के चतुर्थ चरण में प्रवेश हेतु नवीन एवं पुराने अभ्यर्थियों को रिक्त सीटों पर वॉक-इन के सिद्धांत पर प्रवेश लेने का अवसर प्रदान किया गया है।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 30 अगस्त 2025 सायं 5 बजे तक संबंधित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में संपर्क कर प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण कर लें। निर्धारित समय के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।



**सेक्टर-19 में स्थापित गणपति बप्पा की पूजा अर्चना करते सांसद प्रतिनिधि संजय बाली तथा परिजन व सेक्टरवासी**

# महर्षिनगर में श्री गणेश महोत्सव शुरू, 6 तक चलेगा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ में इस वर्ष भी श्रीगणेश महोत्सव का आयोजन किया गया है। यहां भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा की वैदिक विधि विधान से स्थापना की गई है। महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ के मीडिया प्रभारी एके लाल ने बताया कि 27 अगस्त से 6 सितंबर तक प्रतिदिन प्रातः 9.30 बजे से मध्यान्ह 12.30 बजे तक तथा सायं 7 बजे से 8 बजे तक पूजा-अर्चना, भजन, प्रवचन, आरती होगी। प्रत्येक दिन के अनुष्ठानों और पूजा उपरांत विधि विधान से दसवें दिन प्रतिमा विसर्जित की जाएगी।

महर्षि वेद विज्ञानं विद्यापीठ के प्रभारी शिशिर श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर श्री गणेश सार्थक शीर्षक पाठ की आवृत्ति व अभिषेक करना, गणेश पुराण का पाठ करना व सुनना मनोकामना की पूर्ति करने वाला होता है। महर्षि नगर में आयोजित भगवान गणेश की पूजा में



महर्षि संस्थान के अध्यक्ष अजय प्रकाश, विनीत श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, श्रीकांत ओझा, कमलेश यादव, संतोष श्रीवास्तव, हरीश सचान, रामेंद्र सचान, शिशुपाल, ललन पाठक यादवेंद्र यादव, कमलेश यादव, राजेंद्र शुक्ला, विनोद दीक्षित आर 11 वेदिक पंडितो सहित अन्य लोग मौजूद रहें।



**सेक्टर-55 में गणपति बप्पा की पूजा अर्चना करती महिलाएं।**

# रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा के नए अध्यक्ष और पदाधिकारी बने सक्रिय सदस्य

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा के वर्ष 2025-26 के लिए नए अध्यक्ष और पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट मानशी गोयल ने बताया कि इस वर्ष शुभम सिंघल को अध्यक्ष, कपिल गर्ग को सचिव और मनु जिंदल को कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और बच्चों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई। इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो0 अमिता मोहिन्द्रू मुख्य अतिथि रही, जिन्होंने नए अध्यक्ष और पदाधिकारियों को कॉलर पहनाकर पदभार ग्रहण करवाया।

नए कार्यकाल में क्लब ने 24 नए सदस्यों को भी सदस्यता प्रदान की। प्रोग्राम में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दीपक गुप्ता, आलोक गुप्ता, ललित खन्ना, आगामी गवर्नर अमित गुप्ता और असिस्टेंट गवर्नर सुधीर सक्सेना ने नए सदस्यों को रोटरी पिन पहनाकर उनका स्वागत किया।



कार्यक्रम में क्लब के वरिष्ठ सदस्य कपिल गुप्ता, मुकुल गोयल, विकास गर्ग, कपिल शर्मा, विनय गुप्ता, राकेश सिंघल, पवन बंसल, योगेश गर्ग, राकेश शर्मा, आलोक गोयल, मोहित भाटी, शुभम गोयल, अशोक सेमवाल, उदित गोयल, सचिन गर्ग, नवीन शर्मा, नितिन तायल, नवीन चिकारा, वरुण एरन, मनोज गोयल, सुनील अधाना, विशाल तायल, चेतन शर्मा, दीपांशु गर्ग आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0रा0स0 परिवहन निगम, नोएडा क्षेत्र।**

**-निविदा सूचना-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 परिवहन निगम, नोएडा क्षेत्र के बस स्टेशन, नोएडा डिपो पर ए0टी0एम0 के संचालन हेतु निविदा सूचना पत्र संख्या 2599/क्षे0प्र0/ नोएडा / सामा0/ए0टी0एम0-नीलामी / 2025 दिनांक 26.08.2025 के द्वारा जारी की गयी है। इच्छुक फर्म/बैंक विज्ञप्ति में दिये गये निर्देशानुसार प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित हैं, जिसकी समस्त जानकारी परिवहन निगम की वेबसाईट https://upsrtc.up.gov.in पर अपलोड की गयी है। विस्तृत जानकारी हेतु (किसी भी कार्य दिवस में) कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0रा0स0 परिवहन निगम, नोएडा क्षेत्र, ए-109ए सैक्टर-23 गेल विहार-201301 से भी प्राप्त की जा सकती है।

**( एम0 के0 सिंह )**
**क्षेत्रीय प्रबन्धक**
**नोएडा।**

# शारदा विश्वविद्यालय में दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय में फ्रेशर्स के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, बीएसएफ के पूर्व डीआईजी नरेंद्र नाथ दुबे, पूर्व सिविल सर्वेंट डॉ तन्नू जैन,विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर वाइके गुप्ता,वाइस चांसलर डॉ सिबाराम खारा ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने शिक्षकों से अनुरोध किया की वो भी समय के साथ साथ अपने ज्ञान में निरंतर वृद्धि करते रहे और नए नए अनुसंधान करते रहे। बीएसएफ के पूर्व डीआईजी नरेंद्र नाथ ने संबोधन में जीवन के छोटे-छोटे उदाहरण देकर नियमित शिक्षा व दूरस्थ शिक्षा में अंतर समझाया। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान का होना भी परम आवश्यक है।

इस दौरान विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर वाइके गुप्ता ने छात्रों को कहा कि आप अपने क्रिएटिव आइडिया लेकर आए जिसमें यूनिवर्सिटी आइडिया को धरातल पर लाने के लिए मदद करेगी और किस तरह आप उससे सोसायटी हेल्प कर सकते है।

इस दौरान प्रो वाइस चांसलर डॉ परमानंद, रजिस्ट्रार डॉ विवेक कुमार गुप्ता,डॉ राजीव गुप्ता,डॉ आरसी सिंह, डॉ भुवनेश कुमार समेत डीन और एचओडी मौजूद रहे।



# भाजपा जिलाध्यक्ष के जन्मदिन पर सुंदरकांड का पाठ, सैकड़ो ने दी जन्मदिन की बधाई

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी जिला गौतमबुद्धनगर के जिला अध्यक्ष, अभिषेक शर्मा के निवास स्थान ए-44, ईटा 1, ग्रेटर नोएडा में सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया एवं जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा का जन्मदिन बढ़े उत्साह के साथ मनाया गया।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठनों के लोगों ने उन्हे जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएँ उनके निवास स्थान पहुंचकर दी।

जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशोदिया, पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉ. महेश शर्मा, एम.एल.सी. श्रीचंद शर्मा, गाजियाबाद विधायक संजय शर्मा, एम.एल.सी. नरेन्द्र भाटी, गाजियाबाद पूर्व विधायक सुरेन्द्र



कुमार मुन्नी, नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चोहान, सुभाष भाटी, सरदार मनजीत सिंह, मनोज गर्ग, धर्मेन्द्र कोरी, देवा भाटी, सतेन्द्र नागर, दीपक नागर, वीरेन्द्र भाटी, बिजेंद्र सिंह आर्य, कर्मवीर आर्य, सत्यपाल शर्मा, राहुल पंडित, गुरुदेव भाटी, रिंकू भाटी, राज नागर, रजनी तोमर, अर्पित तिवारी, महेश शर्मा, मनोज भाटी, संजय भाटी, संगीता रावल, राजीव सिंघल, ऋषभ शर्मा, देवेन्द्र त्यागी, सांसद प्रतिनिधि बलराज भाटी, पंकज रावल, रवि कुंडली, अशोक रावल, सुधीर कौशिक, अरुण प्रधान, नीतीश भाटी, अमन कौशिक, उमेश भाटी, ओमकार भाटी, मनोज प्रधान, सुनील सिंह, गोविन्द वाल्मीकि, जितेन्द्र भाटी, सचिन गौतम, संजय राणा आदि सैकड़ों भाजपा नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं पत्रकार, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे और उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि भाजपा पार्टी संगठन, पत्रकार, सामाजिक संगठन एवं सभी लोगों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद किया।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नामः** सीनियर डीईएन-III/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में, एडीईएन/दिल्ली के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/दिल्ली/लाइन के खंड में पीएससी स्लैब के साथ पुल संख्या-4 लाइन संख्या 13, 24, एलपीओ-01, एलपीओ-2 के स्टील गर्डर का प्रतिस्थापन और एडीईएन/नई दिल्ली के अधीन द्वितीय यमुना ब्रिज-साहिबाबाद खंड पर पीएससी स्लैब के साथ पुल संख्या 25 अप जी ए एल और 25 डाउन जी ए एल के गर्डर का प्रतिस्थापन। | |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | ₹ 2,50,97,047.72/- (रूपये दो करोड़ पचास लाख सत्तान्नवे हजार सैंतालीस और बहत्तर पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रूपये) | ₹ 2,75,500/- (रूपये दो लाख पचहत्तर हजार पांच सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 17.09.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 29324103 |

- ठेकेदारों को ई-टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं:128-W/280/इ-निविदा सूचना/29-2025-26/W-3 दिनांक: 25.08.2025 2586/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के पहले दिन खिलाड़ी मन्नत बरार पहले राउंड में आगे

**होसुर (तमिलनाडु)।** गोल्फर मन्नत बरार ने हीरो विमेंस प्रो गोल्फ टूर के 12वें चरण के पहले दिन शानदार खेल दिखाते हुए लीड अपने नाम की। क्लोवर ग्रीन्स पर खेले जा रहे 15 लाख रुपये इनामी प्रतियोगिता में मननत ने 2-अंडर 70 का कार्ड खेला, जो दिन का एकमात्र अंडर-पार स्कोर रहा।

पिछले हफ्ते 11वें चरण (प्रेस्टीज गोल्फशायर) में संयुक्त आठवें स्थान पर रही मननत ने इस बार बेहतरीन वापसी की और दूसरे स्थान पर मौजूद कृति चौहान, जैस्मिन शेखर और अनन्या गर्ग (ईवन पार 72) पर दो शॉट्स की बढ़त बनाई। मन्नत ने पहले ही होल पर बर्डी लगाई लेकिन चौथे और छठे होल पर बोगी कर बैठीं। इसके बाद उन्होंने नौवें से 12वें होल तक लगातार चार बर्डी मारकर शानदार लय पकड़ी। हालांकि, आखिरी होल (18वां पार-3) पर बोगी से उनका राउंड 2-अंडर 70 पर खत्म हुआ।



कृति चौहान ने दूसरे और तीसरे होल पर बर्डी की, लेकिन सातवें और आठवें होल पर बोगी से बराबरी पर लौट आई। इसके बाद उन्होंने लगातार 10 होल पार खेले।

पहले भी कई खिताब जीतने वाली जैस्मिन शेखर ने पांचवें होल पर बर्डी की और फिर 11वें से 13वें तक तीन लगातार बर्डी लगाई। हालांकि आठवें, नौवें, 14वें और 16वें होल पर बोगी के कारण उनका स्कोर ईवन पार रहा। अनन्या गर्ग ने तीन बर्डी और तीन बोगी खेलते हुए 72 का कार्ड बनाया।

अन्य खिलाड़ियों में आराध्या शेट्टी और प्रोफेशनल रिया झा ने 1-ओवर 73 का कार्ड खेला और संयुक्त पांचवें स्थान पर रहीं। वहीं, पिछले हफ्ते की रनर-अप शौकिया खिलाड़ी लावण्या गुप्ता (74) सहित चार अन्य खिलाड़ी संयुक्त सातवें स्थान पर रहे। कुछ बड़े नामों की शुरूआत निराशाजनक रही। लेडीज यूरोपियन टूर की खिलाड़ी अमांदीप द्राल और सेहर अतवाल 75 के स्कोर के साथ संयुक्त 12वें स्थान पर रहीं। स्नेहा सिंह (76) 18वें, रिधिमा दिलावरी (77) संयुक्त 19वें और रिया पुरवी सरवणन (79) संयुक्त 23वें स्थान पर रहीं। उल्लेखनीय है कि हीरो डब्ल्यूपीजीटी का 12वां चरण उन आखिरी टूर्नामेंट्स में से है, जिनके आधार पर अक्टूबर में होने वाले हीरो विमेंस इंडियन ओपन के लिए खिलाड़ियों का चयन होगा।

# रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** दिग्गज भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास का ऐलान कर दिया है। हालांकि, उन्होंने अन्य लीग्स में खेलते रहने की बात कही है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इसकी घोषणा की। अश्विन ने एक्स पर लिखा, "विशेष दिन और इसलिए विशेष शुरूआत। कहते हैं कि हर अंत के साथ एक नई शुरूआत होती है। एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है, लेकिन विभिन्न लीगों में खेल की खोज करना का मेरा समय आज से शुरू हो रहा है। मैं सभी फ्रेंचाइजियों को इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। सबसे जरूरी आईपीएल और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) को, जिन्होंने अब तक मुझे इतना कुछ दिया है। आगे जो भी मेरे सामने है, उसका आनंद लेने और उसका पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं।"

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से पहले ही ले चुके हैं संन्यास :** अश्विन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने 18 दिसंबर 2024 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। हालांकि, उन्होंने आईपीएल खेलना जारी रखा था। अब दिग्गज खिलाड़ी ने आईपीएल को भी अलविदा कह दिया है। पिछले सीजन खास नहीं रहा प्रदर्शन38 साल के अश्विन पिछले सीजन में चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम का हिस्सा थे, लेकिन उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। उन्हें आईपीएल 2025 में 9 मैचों में खेलने का मौका मिला, जहां उन्होंने 7 विकेट लिए थे। इसके अलावा बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने केवल 33 रन बनाए थे।





अश्विन का आईपीएल में प्रदर्शनअश्विन ने सीएसके फ्रेंचाइजी से अपने आईपीएल करियर की शुरूआत की थी और इसी फ्रेंचाइजी में रहते हुए उन्होंने आईपीएल करियर का अंत किया है। वह आईपीएल में सीएसके के अलावा राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स, दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम का हिस्सा रहे। वह पंजाब टीम की कप्तानी भी कर चुके हैं। अश्विन ने आईपीएल में कुल 220 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 187 विकेट हासिल किए। उनका इकोनॉमी रेट 7.2 का रहा। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 34 रन देकर चार विकेट रहा। इसके अलावा उन्होंने 118.16 के स्ट्राइक रेट से 833 रन भी बनाए।

# महिला टी20 विश्व कप ग्लोबल क्वालीफायर के लिए आयरलैंड और नीदरलैंड ने किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** आयरलैंड और नीदरलैंड ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 क्वालीफायर के लिए क्वालीफाई कर लिया है। जर्मनी पर 65 रनों की जीत के साथ नीदरलैंड्स यूरोप से आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 ग्लोबल क्वालीफायर में पहुंचने वाली दो टीमों में आयरलैंड के साथ शामिल हो गई है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार दोनों टीमें अगले साल इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश मेंअन्य टीमों के साथ शामिल होंगी।

आयरलैंड ने लगातार पांच जीत के साथ अपना शीर्ष स्थान पहले ही सुनिश्चित कर लिया था, जबकि जर्मनों पर जीत के साथ नीदरलैंड ने यह सुनिश्चित कर लिया है कि भले ही इटली यूरोप क्वालीफायर के अंतिम मुकाबले में आयरलैंड को हराकर जीत दर्ज कर ले, फिर भी नीदरलैंड शीर्ष दो स्थानों पर रहेगा।

क्वालीफायर में खेलने वाली अन्य टीमों में स्कॉटलैंड और बांग्लादेश ने 2024 महिला टी20 विश्व कप में अपनी उपस्थिति के आधार पर स्वचालित रूप से क्वालीफाई किया है।



इसके अलावा मार्च में संयुक्त राज्य अमेरिका ने अमेरिका क्वालीफायर के माध्यम से क्वालीफाई किया, जबकि नेपाल और थाईलैंड ने मई में एशिया से क्वालीफाई किया। तीन और टीमों का फैसला होना बाकी है और वे अफ्रीका और पूर्वी-एशिया प्रशांत क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं के माध्यम से 10 टीमों के क्वालीफायर में जगह बनाएंगी। वैश्विक क्वालीफायर में भाग लेने वाली 10 टीमों में से चार टीमें टी20 विश्व कप में जगह बनाएंगी।

## तीरंदाजी प्रीमियर लीग का उद्घाटन सत्र 2 अक्टूबर से, लीग का लोगो लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने बुधवार को बहुप्रतीक्षित आर्चरी प्रीमियर लीगके पहले सीजन की तारीखों और स्थल की घोषणा की। यह लीग 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। इस मौके पर संघ ने लीग का लोगो भी लॉन्च किया, जो तीरंदाजी खेल की ऊर्जा, एकाग्रता और सटीकता का प्रतीक है।

भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा, 'हम इस ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। यह लीग न केवल राष्ट्रीय बल्कि वैश्विक स्तर पर भी तीरंदाजी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। तारीखों का चयन खिलाड़ियों के शेड्यूल, उनके कार्यभार और दिल्ली के मौसम को ध्यान में रखकर किया गया है।

# नोएडा में टेक्नोवेशन वर्ल्ड कप 9 .0 का आगाज 60 देशों से 22 हजार युवा करेंगे मुकाबला

**नोएडा।** रोबोटिक्स और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपनी पहचान मजबूत करने जा रहा है।

ऑल इंडिया काउंसिल फॉर रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन (एआईसीआरए) ने घोषणा की है कि टेक्नोवेशन वर्ल्ड कप का 9वां संस्करण 30 अगस्त से 02 सितंबर तक नोएडा स्टेडियम कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 21 में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया करेंगे।

**वैश्विक भागीदारी और मेगा चैलेंजेस :** इस बार प्रतियोगिता में 60 से अधिक देशों के 22,000 युवा इनोवेटर्स हिस्सा लेंगे। प्रतिभागी टीमें स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और स्टार्टअप्स का प्रतिनिधित्व करेंगी। इवेंट में 15 रोमांचक रोबोटिक्स और ड्रोन चुनौतियां होंगी, जिनमें रोबो सॉकर, बॉट्स कॉम्बैट, ड्रोन रेस, सुमो बॉट और एग्रीबॉट चैलेंज जैसे मुकाबले शामिल हैं। इसके अलावा 150 से ज्यादा इनोवेशन प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए जाएंगे।



**टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का संगम- टेडेक्स 2025 :** टेक्नोवेशन 9.0 का सबसे बड़ा आकर्षण होगा टेडेक्स 2025, जहां प्रतिभागी और आगंतुक एआई, रोबोटिक्स, एआर/वीआर और आईओटी से जुड़ी नवीनतम तकनीकों का अनुभव कर सकेंगे। साथ ही, इस मंच पर ग्लोबल कॉन्फ्रेंस, नेटवर्किंग सेशन और उभरती तकनीकों पर डेमो भी होंगे।

**भारत बनेगा टेक-स्पोर्ट्स का ग्लोबल हब :** एआईसीआरए के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने कहा, 'टेक्नोवेशन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक आंदोलन है। हमारा लक्ष्य भारत को टेक-स्पोर्ट्स और इनोवेशन का वैश्विक केंद्र बनाना है।' यह आयोजन भारत की उस प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है, जिसके तहत स्टेम लर्निंग, एआई रिसर्च और स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# बिहार में घुसे जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले पुलिस की नींद उड़ गई है। पुलिस मुख्यालय ने सूबे के सभी जिलों को अलर्ट किया है। अलर्ट करने की वजह यह है कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकी के नेपाल के रास्ते बिहार में घुसने की सूचना मिली है। पुलिस मुख्यालय ने तीनों आतंकियों के नाम, फोटो और पासपोर्ट से संबंधित जानकारी साझा किया है।

पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि आतंकियों ने बिहार में घुसपैठ की है, जिसमें रावलपिंडी का रहने वाला हसनैन अली अवान, उमरकोट का आदिल हुसैन और बहावलपुर का मोहम्मद उस्मान शामिल है। पुलिस मुख्यालय ने जिलों से कहा है कि पुलिस मुख्यालय के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार तीनों आतंकी अगस्त के दूसरे सप्ताह में काठमांडू पहुंचे थे। वहां से अगस्त के तीसरे सप्ताह में नेपाल बॉर्डर से बिहार में घुसे। पुलिस मुख्यालय ने आशंका जताते हुए कहा है कि हो न हो ये लोग किसी बड़ी घटनाओं को अंजाम देने के फिराक में हैं। पुलिस मुख्यालय ने बिहार के सभी जिलों को स्थानीय स्तर पर खुफिया तंत्र को सक्रिय कर आसूचना संकलन करने और संदिग्ध आतंकियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई का निर्देश दिया है।

बिहार में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस दौरान नेताओं की रैली और जनसभाएं होंगी, जिसमें आतंकी बड़ी घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं। फिलहाल राहुल गांधी और तेजस्वी यादव सहित पूरे विपक्ष की वोटर अधिकार यात्रा चल रही है।

## अडानी समूह जयप्रकाश एसोसिएट्स का अधिग्रहण करेगा, सीसीआई की मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने बुधवार को अडानी समूह की संस्थाओं द्वारा जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के अधिग्रहण की योजना को मंजूरी दे दी है। आयोग का विस्तृत आदेश बाद में आएगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के मुताबिक योजना के तहत अडाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड और अडाणी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड या समूह की अन्य कंपनियों द्वारा जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड की शत-प्रतिशत अधिग्रहण किया जाएगा।

जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड वर्तमान में राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, इलाहाबाद पीठ के निर्देशों के अनुसार दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड अडानी समूह की कंपनियों के पोर्टफोलियो की प्रमुख कंपनी है। अडाणी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, अडाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। यह अडाणी समूह के सभी रियल्टी व्यवसायों की होल्डिंग कंपनी है।

# पंजाब नेशनल बैंक ने नई दिल्ली में पहली स्टार्टअप शाखा खोली, एसटीपीआई से समझौता

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने बुधवार को नई दिल्ली में अपनी पहली स्टार्टअप-केंद्रित शाखा खोली है। इस शाखा का उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना और बैंकिंग समाधान के सभी पहलुओं सहित सेवाओं के माध्यम से नवाचार का समर्थन करना है। इसके अलावा पात्र स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता देने के लिए पीएनबी और एसटीपीआई के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस शाखा का उद्घाटन सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के महानिदेशक अरविंद कुमार और पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्रा की उपस्थिति में किया गया। इसके अलावा पीएनबी के महाप्रबंधक सुधीर दलाल और एसटीपीआई के निदेशक सुबोध सचान ने पात्र स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। पीएनबी के मुताबिक एसटीपीआई बैंक के साथ इनक्यूबेटेड, ऑनबोर्डेड या ग्रेजुएटेड स्टार्टअप्स की एक चयनित सूची साझा करके एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह समझौता पीएनबी की स्टार्टअप केंद्रित योजनाओं और वित्तीय उत्पादों तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए स्टार्टअप्स और वित्तीय संस्थानों के बीच एक सेतु का काम करेगा।





इस अवसर पर पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्रा ने अपने संबोधन में देश की उद्यमशीलता संबंधी आकांक्षाओं का समर्थन करने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह समर्पित स्टार्टअप शाखा स्टार्टअप्स के लिए एक व्यापक और वन-स्टॉप बैंकिंग समाधान प्रदान करेगी।

## पृष्ठ एक के शेष....

**दिल्ली में बाढ़ का...**

पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के कारण राजधानी में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है, जिसके चलते प्रशासन ने बाढ़ की चेतावनी जारी की है। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान 205.33 मीटर को पार कर गया है। यमुना का जलस्तर 205.41 मीटर पर पहुंच गया है। 2–3 दिन में यमुना का जलस्तर और बढ़ सकता है।

इससे पहले बुधवार रात 8 बजे पुराने रेलवे ब्रिज पर जलस्तर 205.35 मीटर दर्ज किया गया जो खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के मुताबिक, हथिनीकुंड बैराज से करीब 41 हजार क्यूसेक पानी हर घंटे छोड़ा जा रहा है लेकिन दिल्ली में वजीराबाद बैराज से हर घंटे करीब 56 हजार क्यूसेक और ओखला से करीब 46 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं, पल्ला क्षेत्र में टेंट और राहत सामग्री लगा दी गई है। सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण, राजस्व, स्वास्थ्य, दिल्ली पुलिस समेत सभी विभाग अलर्ट पर हैं।

**हिमाचल में मानसून में 310 ...**

कुल अनुमानित नुकसान 2,62,336.38 लाख रुपये हो गया है। मंडी जिले में सबसे ज्यादा 51 मौतें (29 वर्षाजनित, 22 सड़क दुर्घटनाएं) हुईं और घरों, कृषि और बिजली के बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान हुआ। कांगड़ा में 49 मौतें दर्ज की गईं, उसके बाद चंबा (36 मौतें) और शिमला (28 मौतें) का स्थान रहा। एसडीएमए की रिपोर्ट में 158 वर्षाजनित मौतों के कारणों का विवरण दिया गया है अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर सितंबर में मौसम की स्थिति बिगड़ती है तो मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। बार-बार हो रहे भूस्खलन और अस्थिर ढलानों के कारण, विशेष रूप से कुल्लू, मंडी और किन्नौर जिलों में, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की बहाली एक चुनौती बनी हुई है। इस बीच, हिमाचल प्रदेश में मूसलाधार मानसूनी बारिश ने राज्य भर में सड़क संपर्क, बिजली आपूर्ति और पेयजल योजनाओं को भी ठप कर दिया है। हिमाचल प्रदेश एसडीएमए के अनुसार, बुधवार शाम तक, दो राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 582 सड़कें अवरुद्ध रहीं, 1,155 बिजली वितरण ट्रांसफार्मर (डीटीआर) बाधित रहे और 346 जलापूर्ति योजनाएं सेवा से बाहर रहीं।

**ग्रेटर नोएडा में करंट लगने...**

घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना है। परिजन जैतपुर चौराहा बंद कर शव को बीच सड़क पर रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रर्दशन के कारण जाम लग गया है। इस कारण मार्ग पर डाइवर्जन करना पड़ा है।

जानकारी के अनुसार, हरिंदर कुमार जैतपुर में ही परिवार के साथ रहता था। उसकी पत्नी मालती और दो छोटे बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि हरिंदर ने कंपनी में गाड़ी लगा रखी थी और लंबे समय से उसका बकाया वेतन रुका हुआ था। परिजनों का आरोप है कि जब वह कंपनी में अपना पैसा मांगने गया तो मालिक और अन्य लोगों ने साजिशन उसे करंट लगाकर मार दिया।

घटना की सूचना पाकर परिजन और स्थानीय लोग जैतपुर गोल चक्कर पर सुबह साढ़े 10 बजे इकट्ठा हो गए और धरने पर बैठकर रोड जाम कर दिया। हरेन्द्र के पिता पप्पू की मांग है कि कंपनी मालिक समेत आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। साथ ही मृतक परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए ताकि पत्नी और बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

धरने की सूचना पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और परिजनों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे। वहीं, परिजन अपने आरोपों पर अड़े हुए हैं और जब तक कार्रवाई नहीं होती, धरना जारी रखने की चेतावनी दी है। इस घटना से स्थानीय लोगों में भी आक्रोश है। लोगों का कहना है जब तक न्याय नहीं मिलता शव को नहीं उठने देंगे।

**परिवहन विभाग में...**

एआरटीओ ने कहा कि इस अभियान के दौरान परिवहन विभाग की वेबसाइट www.parivahan.org.in पर प्रदर्शित क्यूआर कोड स्कैन कर आवेदक अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर लें। बता दें कि जनपद गौतमबुद्धनगर में करीब 11.50 लाख वाहन पंजीकृत हैं तथा 11.92 लाख चालकों/स्वामियों के लाइसेंस जारी किए गए हैं। यहां पर 8 लाख वाहन चालकों के मोबाइल नंबर विभाग की वेबसाइट पर अपडेट हैं। जबकि 10 लाख चालकों के लाइसेंस रिकार्ड सारथी पोर्टल पर अपडेट हैं।

# कांग्रेस सर्जन अभियान प्रभारी का किया स्वागत

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर पूरे देश में चल रहे संगठन सर्जन अभियान को लेकर गौतमबुद्धनगर कांग्रेस कमेटी के बिसरख कार्यालय पर संगठन सर्जन कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें सर्जन अभियान के प्रभारी व कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गौतमबुद्ध कांग्रेस कमेटी के नोएडा महानगर कांग्रेस कमेटी के महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव, नोएडा कांग्रेस के संगठन प्रभारी ललित अवाना, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिन पुरुषोत्तम नागर,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य यतेन्द्र शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार भारती,महासचिव एस.एस. सिसोदिया, महासचिव पी.एस. रावत, महासचिव,नार्थ ब्लॉक अध्यक्ष राहुल पांडये,मामूरा ब्लॉक अध्यक्ष,जगपाल चौहान,महासचिव राम कुमार शर्मा, कार्यालय प्रभारी, अरुण प्रधान, सतीश कोषाध्यक्ष संजय तनेजा,सचिव सुल्तान विधूड़ी,महानगर कांग्रेस के सभी ब्लॉकों के अध्यक्षों ने सर्जन प्रभारी संजय कपूर का भव्य स्वागत किया।



## 52 बार रक्तदान कर बनीं मप्र की पहली महिला



इंदौर, (एजेंसियां)। इंदौर निवासी तरनजीत कौर भाटिया ने अब तक 52 बार रक्तदान (ब्लड डोनेट) किया है। वह बताती हैं कि 18 साल पहले प्रसव (डिलीवरी) के समय उनकी हालत गंभीर थी और खून की तत्काल जरूरत थी। उनके पति को खून की व्यवस्था के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। उसी अनुभव ने तरनजीत को रक्तदान के महत्व का अहसास कराया और उन्होंने ठान लिया कि जीवन भर जरूरतमंदों की मदद करेंगी। तरनजीत का परिवार 2006 में निमाड़ से इंदौर शिफ्ट हुआ था। उसी साल अक्टूबर में उनकी डिलीवरी हुई। डॉक्टरों ने पहले ही खून की जरूरत की बात कही थी, लेकिन उस समय मोबाइल और सोशल मीडिया जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। रिश्तेदारों और अस्पतालों में फोन करके मुश्किल से खून मिला।

इसके बाद तरनजीत ने 2007 से नियमित रक्तदान की शुरुआत की। तरनजीत का कहना है कि महिलाएं रक्तदान को लेकर अक्सर संकोच करती हैं। उन्हें डर होता है कि रक्तदान से कमजोरी आ जाएगी, पोषक तत्व कम हो जाएंगे या स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा। यही कारण है कि भारत में महिलाओं द्वारा रक्तदान का प्रतिशत मात्र 5 से 8% ही है।

## महिला और उसके प्रेमी को पीटकर कुएं में फेंका

नांदेड, (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक विवाहित महिला और उसके प्रेमी को परिजनों ने कथित तौर पर बुरी तरह पीटकर एक कुएं में फेंक दिया। यह घटना दोपहर को हुई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि महिला का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि युवक की तलाश अभी जारी है। घटना के सिलसिले में महिला के पिता, दादा और चाचा को हिरासत में लिया गया है। पीड़ितों की उम्र की भी पुष्टि की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, महिला की शादी करीब एक साल पहले हुई थी। उसका प्रेमी बोरजुन्नी गांव में रहता था।

वह सोमवार को उससे मिलने के लिए गोलेगांव गांव पहुंचा। उमरी थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जब दोनों को महिला के घर पर एक साथ देखा गया, तो उसके ससुरालवालों ने उसके मायके वालों को बुलाया और दोनों को उनके हवाले कर दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हत्या में कथित तौर पर महिला के पिता, चाचा और दादा शामिल थे। इसके बाद महिला का पिता उमरी थाने पहुंचा और खुद दोनों की हत्या की बात कबूल की। लेकिन जांच में पता चला कि इस अपराध में उसके चाचा और दादा भी शामिल थे। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच जारी है।

## बंद थी पेटी, खुलते ही निकली बुजुर्ग महिला की जली लाश पुलिस भी रह गई हैरान

मऊगंज, (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मऊगंज के वरया कलां में सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां 60 वर्षीय महिला का जला हुआ शव उसके ही घर के अंदर बंद पेटी में पाया गया। महिला का नाम देवकली सोंधिया है। इस घटना से हड़कंप मचा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है।

अचानक घर से धुआं उठता देख ग्रामीण दौड़े और जब उन्होंने दरवाजा तोड़ा तो अंदर का दृश्य देखकर सभी दंग रह गए। घर जल चुका था और भीतर देवकली का शव एक बक्से के अंदर जली हुई अवस्था में मिला। यह दृश्य अपने आप में कई शंकाएं पैदा कर रहा है, क्योंकि सामान्य परिस्थितियों में कपड़े रखने वाली पेटी के अंदर शव का जलना अजीब और संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## 3 उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार और गोला-बारूद जब्त

इंफाल, (एजेंसियां)। मणिपुर के इंफाल पूर्व और पश्चिम जिलों में सुरक्षा बलों ने तीन प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय कार्यकर्ता को रविवार को इंफाल पश्चिम जिले के ताओथोंग खुनोउ इलाके से गिरफ्तार किया गया। उग्रवादी की पहचान ओइनम सोमेनचंद्र सिंह (41) के रूप में हुई है, जो दुकानों और आम जनता से जबरन वसूली में शामिल था। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि उसके पास से एक पिस्तौल और एक मैगजीन जब्त की गई है। प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक उग्रवादी को रविवार को इंफाल पूर्व जिले के हुइकाप माखा लेइकाई से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान फंजौबाम रामानंद सिंह (23) के रूप में हुई। केसीपी (एमएफएल) के एक सक्रिय कार्यकर्ता को सोमवार को इंफाल पूर्व जिले के ताखेल से गिरफ्तार किया गया। सुरक्षा बलों ने सोमवार को काकचिंग जिले के सिंगटॉम गांव से हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों का एक जखीरा जब्त किया।

# आप नेता सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की रेड

नई दिल्ली, (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज के घर पर मंगलवार की सुबह ईडी ने छापेमारी की है। कहा जा रहा है कि ईडी की रेड हॉस्पिटल कंस्ट्रक्शन घोटाला मामले में की गई है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन इस मामले में जांच के दायरे में हैं। इसको लेकर ईडी ने अपनी ईसीआईआर दर्ज की थी। ईडी की रेड के बाद आम आदमी पार्टी के नेताओं ने केंद्र सरकार पर हमला बोला



है और इसे झूठा और निराधार बताया है।आप नेता सौरभ भारद्वाज के खिलाफ ईडी की छापेमारी पर आप सांसद संजय सिंह ने कहा, सौरभ भारद्वाज के खिलाफ दर्ज मामला झूठा और निराधार है। जिस समय ईडी ने मामला दर्ज किया था, उस समय वह मंत्री भी नहीं थे। आप नेताओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करना और उन्हें जेल में डालना मोदी सरकार की नीति है।

यह सभी आप नेताओं को एक-एक करके परेशान करने और जेल में डालने के लिए किया जा रहा है। पीएम मोदी की फर्जी डिग्री से ध्यान हटाने के लिए छापेमारी की जा रही है। पीएम मोदी की फर्जी डिग्री पर चर्चा होने से रोकने के लिए ईडी ने छापेमारी की है। आज सौरभ के यहाँ रेड क्यों हुई? क्योंकि पूरे देश में मोदी जी की डिग्री पर सवाल उठ रहे हैं, क्या मोदी जी की डिग्री फर्जी है? इस चर्चा से ध्यान हटाने के लिए ही रेड डाली गई है। जिस समय का केस बताया जा रहा है, उस समय सौरभ मंत्री भी नहीं थे। यानी पूरा केस ही झूठा है। सत्येंद्र को भी तीन साल जेल में रखकर आखिरकार सीबीआई/ईडी को क्लोज़र रिपोर्ट देनी पड़ी। इससे साफ़ है कि आम आदमी पार्टी के नेताओं पर लगाए गए सारे केस सिर्फ झूठे और राजनीति से प्रेरित हैं। ये अस्पताल निर्माण घोटाला करीब 5,590 करोड़ का है। साल 2018-19 में दिल्ली सरकार ने 24 अस्पतालों के निर्माण के लिए 5,590 करोड़ के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी थी। 6 महीने में आईसीयू अस्पताल बनना था, लेकिन 3 साल बाद भी काम अधूरा रहा। इनमें से कई प्रोजेक्ट्स में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे हैं।

## कौन हैं चंद्रशेखर



### जो बनने जा रहे हैं बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस?

मुंबई, (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस चंद्रशेखर को बॉम्बे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्त करने की सिफारिश की है। यह पद अप्रैल 2026 में वर्तमान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अलोक अराधे के रिटायरमेंट के बाद खाली होगा। सिफारिश को केंद्र सरकार के पास भेज दिया गया है और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद औपचारिक अधिसूचना जारी की जाएगी। बॉम्बे हाई कोर्ट देश के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित हाईकोर्टों में शामिल है, जिसकी मुख्य पीठ मुंबई में है। जस्टिस चंद्रशेखर का जन्म 25 मई 1965 को हुआ।

उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कैंपस लॉ सेंटर से 1993 में एलएल.बी की डिग्री प्राप्त की। 9 दिसंबर 1993 को वे दिल्ली स्टेट बार काउंसिल में वकील के रूप में पंजीकृत हुए। वकालत की शुरुआत दिल्ली से की और 19 साल के करियर में करीब 3,500 मामलों में पैरवी की।

## 'एससी ने 4 महीने में चुनाव कराने को कहा था'

### बीएमसी चुनाव पर हर्षवर्धन सपकाल का बड़ा बयान



मुंबई, (एजेंसियां)। महाराष्ट्र नगर निकाय चुनावों के तारीखों से पहले ही राजनीतिक हलचल तेज है। राज्य की कांग्रेस इकाई अब एक्टिव मोड में आ गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने हाल ही में इस पर बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों के लिए गठबंधन पर फैसला स्थानीय स्तर पर चर्चा के बाद होगा। वहीं उन्होंने स्पष्ट किया कि शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) महा विकास आघाडी में सहयोगी दल हैं और चुनावी रणनीति इसी समन्वय के साथ तय की जाएगी। छत्रपति संभाजीनगर में मीडिया से बात करते हुए सपकाल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट (एससी) ने मई में राज्य निर्वाचन आयोग को चार महीने में चुनाव कराने का निर्देश दिया था।

हालांकि, अब तक चुनाव कार्यक्रम और ओबीसी आरक्षण की घोषणा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस बीच संगठन को मजबूत करने और क्षेत्रीय स्तर पर समीक्षाएं करने में जुटी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोराट ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने निर्वाचन आयोग की मदद से चुनावी धोखाधड़ी की। थोराट ने दावा किया कि राहुल गांधी ने इस संबंध में सबूत भी पेश किए हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है और इसे बचाना जरूरी है।

## समुद्री सुरक्षा पर मंथन की मेजबानी करेगी नौसेना

### हिंद महासागर के 18 देशों के अधिकारी होंगे शामिल

नई दिल्ली, (एजेंसियां)। भारतीय नौसेना 27 से 28 अगस्त तक 'हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी' (आईओएनएस) के तहत 'इमर्जिंग लीडर्स पैनल डिस्कशन' की मेजबानी करेगी। यह कार्यक्रम नौसेना की कोच्चि स्थित दक्षिणी कमान होगा। रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी है। यह दो दिवसीय कार्यक्रम 18 देशों के युवा नौसेना अधिकारियों को आपस में जोड़ने और संवाद स्थापित करने पर केंद्रित होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नौसेना की दक्षिणी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल वी। श्रीनिवास होंगे। नौसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि इस कार्यक्रम में सदस्य देशों के नौसेना अधिकारी समुद्री सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। साथ ही, उभरती हुई तकनीकों पर सहयोग और प्रशिक्षण क्षमताओं के बेहतर इस्तेमाल पर विचार किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 20 से अधिक नौसेनाओं के अधिकारी और कुल 300 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।

बयान के मुताबिक, यह पैनल चर्चा आईओएनएस ढांचे का एक हिस्सा है, जिसका मकसद सदस्य देशों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना है। इसमें नौसेना अधिकारी क्षेत्रीय समुद्री मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे। परिचर्चा के प्रमुख विषय होंगे- 'हिंद महासागर क्षेत्र का रणनीतिक महत्व और चुनौतियां: युवा अधिकारियों की दृष्टि', 'समुद्री सुरक्षा में उभरती तकनीकें', 'समुद्री सुरक्षा के लिए सहयोग को बढ़ाने में आईओएनएस की भविष्य की भूमिका' और 'आईओएनएस देशों के बीच प्रशिक्षण क्षमताओं का उपयोग: भविष्य की रूपरेखा'। इससे पहले नौसेना ने नई दिल्ली में 24-25 जून को समुद्री सुरक्षा पर आईएनओएस के कार्यकारी समूह की बैठक की मेजबानी की थी।

रक्षा मंत्रालय ने यह भी बताया कि आईओएनएस की शुरुआत 2008 में भारतीय नौसेना ने की थी। इसका मकसद हिंद महासागर क्षेत्र के तटीय देशों की नौसेनाओं के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ाना है। आईओएनएस एक खुला और समावेशी मंच है जहां क्षेत्रीय समुद्री मुद्दों पर चर्चा की जाती है।

## गर्लफ्रेंड के मुंह में जिलेटिन रॉड डालकर किया विस्फोट मौत; कातिल बॉयफ्रेंड अरेस्ट

मैसूर, (एजेंसियां)। कर्नाटक के मैसूर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक युवती की उसके बॉयफ्रेंड ने बेरहमी से हत्या कर दी। युवती शादीशुदा थी। युवती अपने बॉयफ्रेंड से मिलने गई। वहां युवती के बॉयफ्रेंड ने उसके मुंह में जिलेटिन की रोड डालकर विस्फोट कर हत्या कर दी। महिला के मुंह में विस्फोट होने से वह बुरी तरह से जख्मी हो गई और उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसने मोबाइल में विस्फोट होने की झूठी कहानी गढ़ने की कोशिश की, लेकिन जब पुलिस ने मामले की जांच की तो सच सामने आ गया। फिर पुलिस ने बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार कर लिया। यह घटना मैसूर के सालिगराम के भेर्या गांव में हुई। यहां गेरासनहल्ली गांव की रहने वाली 20 साल की रक्षिता की हत्या उसके प्रेमी सिद्धाराजू ने कराई, जो बिलिकेरे गांव का रहने वाला था।

## शहरी क्षेत्रों में 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना' का विस्तार, 20 लाख बच्चों को मिलेगा लाभ



चेन्नई, (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम। के। स्टालिन ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) सरकार की प्रमुख पहल 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना' का मंगलवार को राज्य के शहरी क्षेत्रों में विस्तार किया। स्टालिन ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ यहां 'सेंट जोसेफ प्राइमरी स्कूल' में बच्चों को भोजन परोसा और योजना के विस्तार की औपचारिक शुरुआत की। स्टालिन और मान ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया। इस विस्तार के साथ योजना का पांचवां चरण शुरू हो गया है, जिससे 2,429 विद्यालयों के 3.06 लाख अतिरिक्त बच्चों को लाभ मिलेगा। योजना के विस्तार के बाद अब राज्य में कुल 20.59 लाख बच्चे 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना' से लाभान्वित होंगे। सरकारी प्रवक्ता पी। अमुधा ने सोमवार को बताया था कि एक केंद्रीकृत रसोई में नाश्ता साफ-सुथरे तरीके से तैयार करने के लिए उचित कदम उठाए गए हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव अमुधा ने कहा, ''तैयार किए गए पोंगल, खिचड़ी या उपमा जैसे व्यंजनों और साथ में परोसे जाने वाले दाल व सांभर को वैन के जरिए संबंधित स्कूलों तक पहुंचाया जाएगा।'' मुख्यमंत्री ने 6 मई 2022 को विधानसभा में घोषणा की थी कि पहली कक्षा से पांचवीं तक के छात्रों के लिए निःशुल्क नाश्ता योजना शुरू की जाएगी। उन्होंने इस योजना का पहला चरण 15 सितंबर को मदुरै में शुरू किया था। स्टालिन ने रविवार को कहा था, ''जस्टिस पार्टी के दिनों से लेकर द्रविड़ मॉडल सरकार तक, हम बच्चों को भोजन प्रदान करते आए हैं।

## 56 साल की गर्लफ्रेंड, 33 का बॉयफ्रेंड अफेयर में बाधा बन रहे पति को मरवा दिया

चिकमंगलूर, (एजेंसियां)। कर्नाटक के चिकमंगलूर से एक लापता व्यक्ति को उसकी 56 वर्षीय पत्नी द्वारा अपने 33 वर्षीय प्रेमी की मदद से कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान आरोपियों की मदद करने वाले दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मीनाक्षम्मा, उसके प्रेमी प्रदीप और उसके दोस्तों सिद्धेश और विश्वास के रूप में हुई है।सभी कदुर के निवासी हैं। वहीं मृतक की पहचान सुब्रमण्य (60) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि वो दर्जी का काम करते थे। अधिकारियों ने बताया कि मीनाक्षम्मा को अदालत में पेश किया गया और सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 2 जून को मीनाक्षम्मा ने कदुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पति सुब्रमण्य 31 मई को बाहर गए थे और घर नहीं लौटे। पुलिस ने मामला दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने सुब्रमण्य के मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रैक की। 3 जून को रेलवे पुलिस ने कदुर पुलिस को सूचित किया कि पटरी पर एक आधा जला हुआ पैर मिला है। बाद में मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव के बाकी हिस्सों को भी कब्जे में लिया। सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान, 31 मई को दर्जी सुब्रमण्य की दुकान के पास सीसीटीवी फुटेज में उनको प्रदीप, सिद्धेश और विश्वास के साथ एक कार में सवार होते देखा गया।

# गाय का एक खास दर्जा, इसके वध से शांति पर पड़ सकता है प्रतिकूल प्रभाव: हाई कोर्ट?

चंडीगढ, (एजेंसियां)। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने वध के लिए गायों को ले जाने के आरोपी नूंह निवासी को दी गई अग्रिम जमानत खारिज करते हुए कहा कि गाय पूजनीय है और एक 'बड़ी आबादी वाले समूह' की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले कृत्य शांति को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं। आसिफ और दो अन्य लोगों पर गायों को वध के लिए राजस्थान ले जाने के आरोप में इस साल अप्रैल में हरियाणा गोवंश संरक्षण एवं गोसंवर्धन अधिनियम, 2015 तथा क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत मामला दर्ज किया गया था। न्यायमूर्ति संदीप मौदगिल ने इस महीने की शुरुआत में एक आदेश में कहा, 'वर्तमान अपराध, अपने कानूनी निहितार्थों के अलावा भारतीय समाज में गाय की विशिष्ट स्थिति को देखते हुए भावनात्मक और सांस्कृतिक पहलुओं से भी जुड़ा हुआ है।' यह आदेश सोमवार को सार्वजनिक किया गया। कोर्ट ने कहा, 'यह अदालत इस तथ्य से अनभिज्ञ नहीं रह सकती कि हमारे जैसे बहुलवादी समाज में कुछ कृत्य जो वैसे तो निजी होते हैं





लेकिन तब सार्वजनिक शांति पर गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं जब वे किसी बड़ी आबादी वाले समूह की गहरी आस्थाओं को ठेस पहुंचाते हैं।' न्यायाधीश ने कहा कि गाय न केवल पूजनीय है, बल्कि भारत की कृषि अर्थव्यवस्था का एक अभिन्न अंग भी है। सरकारी वकील ने अपनी दलील में कहा कि याचिकाकर्ता गोहत्या के अपराध में कथित तौर पर सक्रिय रूप से शामिल था इसलिए निष्पक्ष और प्रभावी जांच के लिए उससे हिरासत में पूछताछ जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि संविधान केवल अमूर्त अधिकारों की रक्षा नहीं करता बल्कि एक न्यायपूर्ण, करुणामय और एकजुट समाज के निर्माण का प्रयास भी करता है। आदेश में कहा गया, 'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51ए(जी) के तहत प्रत्येक नागरिक पर यह दायित्व है कि वह सभी जीवित प्राणियों के प्रति करुणा दिखाए। इसी संदर्भ में गोहत्या का कथित कार्य जिसे बार-बार, जानबूझकर और उकसावे की नीयत से अंजाम दिया गया, संवैधानिक नैतिकता और सामाजिक व्यवस्था की मूल भावना पर प्रहार करता है।' कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, 'रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री से यह स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता ने पहली बार अपराध नहीं किया है। उस पर पहले भी इसी प्रकार के अपराधों से शामिल होने के आरोप वाली तीन अन्य प्राथमिकियां हैं।'

## 'तू मुझे पसंद नहीं, मां-बाप ने मेरी मर्जी के खिलाफ शादी की'

### पति ने चाकू गर्म कर नवविवाहिता को जलाया

खरगोन, (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के खरगोन में एक नवविवाहिता के साथ उसके पति ने की हैवानियत की हद ही पार कर दी। पति ने ना सिर्फ उसे पीटा, बल्कि गैस के चूल्हे पर चाकू को गर्म कर पूरे शरीर में जगह-जगह दाग दिया। नवविवाहिता खुशबू का आरोप है कि पति दिलिप शादी के बाद से ही नापसंद करता था और दहेज की मांग को लेकर हमेशा मारपीट कर प्रताड़ित करता था। खरगोन जिले के मेनगांव थाना क्षेत्र के अवरकच्छ की रहने वाली खुशबू की शादी 2 फरवरी 2025 को



बड़वानी जिले के अंजड निवासी दिलीप पिपलिया के साथ हुई थी। रविवार की रात सुसराल में खुशबू के साथ हुई हैवानियत ने महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों की सभी सीमाएं पार कर दी।

पीड़िता ने मीडिया को बताया कि रविवार रात को नशे में धुत पति दिलीप पिपलिया ने गैस पर चाकू गर्म किया। फिर उसको हाथ, पैर, पीठ सहित होठों पर कई जगह दाग दिया। पीड़िता का कहना है चाकू से दागने के बाद उसने मेरे हाथ पैर बांध दिए थे। शोर मचाने पर चाकू मुंह में डाल दिया। वो कह रहा था कुछ नहीं बस तू मुझे पसंद नहीं है, तुमको मना किया था फिर क्यों आ गई। मेरे मां-बाप ने मेरी मर्जी के खिलाफ शादी की थी।

सुबह 4:30 बजे के करीब किसी तरह में रस्सी खोल कर बाहर आई और झाड़ू लगाने वाले एक अंकल का मोबाइल लेकर परिवार को सूचना दी। खुशबू ने बताया कि दिलीप शादी के बाद से ही उसे पसंद नहीं करता है। वह उसके साथ मारपीट करता है और दहेज की मांग भी करता है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पीड़िता का भाई अंजड पहुंचा और अपनी बहन को मायके अवरकच्छ लेकर आ गया। परिजन आज पीड़िता को खरगोन के मेनगांव थाने लेकर पहुंचे।

## डोडा में बादल फटा, 10 से अधिक घर तबाह; अब तक तीन लोगों की मौत

जम्मू, (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के डोडा में बादल फटने से एक बार फिर तबाही मच गई है। 10 से ज्यादा घर तबाह हो गए हैं। डोडा जिले में लगातार भारी बारिश के कारण भूस्खलन, मिट्टी धंसने और पत्थर गिरने की घटनाएं हुई हैं, जिसके कारण कई संपर्क सड़कों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग के कई हिस्से बंद हो गए हैं। जानकारी के लिए बता दें कि ये बादल डोडा जिले के थाथरी उप-मंडल में फटा है। जहां अचानक से तबाही मच गई है। इससे पहले किश्तवाड़ और थराली में भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। किश्तवाड़ जिले और डोडा के कई इलाकों में बादल फटने की सूचनाएं मिल रही हैं। डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह ने कहा कि तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। खासकर चिनाब नदी के इलाकों में दो जगहों से बादल फटने की खबरें आई हैं। बादल फटने से एनएच-244 भी बह गया। आगे बातचीत में कहा कि हमारी टीम उसे बहाल करने में जुटी है। अब तक तीन लोगों की जान जा चुकी है। इनमें से दो गंधोर में और एक ठठरी सबडिवीजन में है।

# इंफ्लूएंसर जैस्मिन जफर ने मंदिर के तालाब में धोए पैर तो बढ़ा बवाल, अब होगा शुद्धीकरण

त्रिशूर, (एजेंसियां)। केरल के पवित्र गुरुवायुर कृष्ण मंदिर में एक इंस्टाग्राम रील ने बवाल खड़ा कर दिया है। बिग बॉस मलयालम की एक्स-कंटेस्टेंट और इंफ्लूएंसर जैस्मिन जफर ने मंदिर के पवित्र तालाब में पैर डुबोकर एक वीडियो बनाया। इसके बाद श्रद्धालुओं का गुस्सा भड़क गया। यह वीडियो इतना वायरल हुआ कि मंदिर प्रशासन को छह दिन का शुद्धिकरण अनुष्ठान शुरू करना पड़ा। भक्तों और सांस्कृतिक समूहों ने इसे धार्मिक भावनाओं का अपमान बताया है। जैस्मिन के इस कृत्य ने न केवल परंपराओं को ठेस पहुंचाई, बल्कि मंदिर के नियमों का भी उल्लंघन किया। गुरुवायुर देवस्वम ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तालाब और मंदिर को शुद्ध करने के लिए 18 विशेष पूजाओं और 18 शीवेली (जुलूस) का आयोजन शुरू किया है। यह अनुष्ठान आज, 26 अगस्त 2025 से शुरू हो चुका है और इसके दौरान मंदिर में दर्शन पर रोक रहेगी। गुरुवायुर देवस्वम के प्रशासक ने इस मामले में मंदिर पुलिस में शिकायत दर्ज की है।



शिकायत में जैस्मिन पर धार्मिक प्रोटोकॉल तोड़ने और हाई कोर्ट के उस आदेश का उल्लंघन करने का आरोप है, जिसमें मंदिर के पवित्र क्षेत्रों में फोटोग्राफी पर पाबंदी है। प्रशासन का कहना है कि यह कृत्य न केवल मंदिर की पवित्रता को ठेस पहुंचाता है, बल्कि भक्तों की भावनाओं को भी आहत करता है। मामला तूल पकड़ने के बाद सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ गई। कई लोगों ने जैस्मिन की हरकत को गैर-जिम्मेदाराना बताया, जबकि कुछ ने इसे अनजाने में हुई गलती करार दिया। लेकिन भक्तों का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा और मंदिर प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है।

**जैस्मिन ने मांगी माफी**

विवाद बढ़ता देख जैस्मिन जफर ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। उन्होंने कहा, मेरी इस हरकत का मकसद किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। यह मेरी नादानी थी, मुझे इसकी जानकारी नहीं थी। जैस्मिन ने अपने बयान में भक्तों और मंदिर प्रशासन से माफी मांगते हुए कहा कि वह भविष्य में ऐसी गलती नहीं दोहराएंगी। लेकिन उनकी माफी ने भी भक्तों का गुस्सा पूरी तरह शांत नहीं किया। कई लोग इसे महज दिखावा बता रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि मंदिर के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। गुरुवायुर श्री कृष्ण मंदिर केरल के छोटे से शहर गुरुवायुर में स्थित है और यह भगवान गुरुवायुरप्पन को समर्पित है। यह मंदिर न केवल केरल, बल्कि पूरे भारत में हिंदुओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों में से एक है। लाखों भक्त यहां दर्शन के लिए आते हैं, और मंदिर की परंपराएं और नियम भक्तों के लिए बेहद पवित्र माने जाते हैं।



# अंग्रेजी बोलने वाले देशों में शिक्षा के लिए जरूरी है आइलेट्स

## कैसे करें तैयारी

**आप अक्सर लोगों को आइलेट्स की तैयारी के बारे में बात करते देखते होंगे। हो सकता है कि आपके बच्चे भी आइलेट्स की तैयारी कर रहे हों। आइलेट्स की परीक्षा ऑस्ट्रेलिया, यूके, न्यूजीलैंड, यूएसए और कनाडा जैसे अंग्रेजी बोलने वाले देशों शिक्षा के लिए जरूरी होती है। भारत में रहने वाले ढेर सारे बच्चे हर साल इस परीक्षा की तैयारी करते हैं। इस आर्टिकल में जानते हैं कि आइलेट्स की तैयारी कैसे करनी चाहिए। साथ ही किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए।**

### आइलेट्स का सिलेबस

आइलेट्स का सिलेबस आसान भी होता है और मुश्किल भी। परीक्षा को 4 भाग में विभाजित किया गया है जिसमें रीडिंग, स्पीकिंग, राइटिंग और लिस्टनिंग शामिल है। इन चारों मुख्य बिंदु के साथ-साथ आपको जर्नल नॉलेज पर भी अच्छी कमांड रखनी चाहिए।

### सबसे पहले पेपर को समझें

आइलेट्स की परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों के पास 2 घंटे 45 मिनट का समय होता है। इस दौरान रीडिंग, राइटिंग, स्पीकिंग और लिसनिंग जैसे चरण पार करने होते हैं। कोशिश करें कि आप इस फॉर्मेट को समझें और उसी के मुताबिक पेपर की तैयारी करने की कोशिश करें। समय सीमा को दिमाग में रखकर तैयारी करने वाले उम्मीदवारों के लिए आईलेट्स की परीक्षा कलियर करना थोड़ा आसान होता है।

### रोजाना करें प्रैक्टिस

आइलेट्स समेत किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए जरूरी है कि आप रोजाना अभ्यास करें। लिखने, बोलने और सुनने से समझ आएगा कि आप कहां चुक रहे हैं। स्पीड को बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका भी रोजाना अभ्यास करना है।

### ऑनलाइन फ्री क्लासेस का उठाएं फायदा

आज आपको ऑनलाइन फ्री क्लासेस के कई विकल्प मिल जाएंगे। यूटयूब समेत कई प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन फ्री क्लासेस दी जाती हैं जहां से आप घर बैठे-बैठे पढ़ाई कर सकते हैं।

### फ्री टेस्ट अटेम्प्ट करें

सिर्फ तैयारी करने से ही नहीं बल्कि अपनी तैयारी को देखने के लिए टेस्ट भी दें। टेस्ट देने से आपकी तैयारी किस दिशा में जा रही है और आपको कितने तैयारी की जरूरत है या साफ हो जाता है।



# डीप लर्निंग के कई उभरते क्षेत्र में बन रहे हैं करियर के अवसर

**करियर में इन लर्निंग से कम समय में बेहिसाब सफलता मिल सकती है। यह निश्चित रूप से संभव है, लेकिन इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। सबसे पहले, आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप जिस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं, उसमें आपकी रुचि और प्रतिभा हो। अगर आप किसी क्षेत्र में रुचि नहीं रखते हैं, तो आपको सफल होने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। आप इन आसान तरीकों से करियर में गोल सेट कर सकते हैं और लर्निंग हासिल कर सकते हैं।**



कैरियर काउंसलर सौरभ नंदा के मुताबिक कृत्रिम मेधा ने मशीनी दुनिया को एक नई पहचान दी है। इसके नए-नए आविष्कारों से लोगों को न सिर्फ सहूलियत मिल रही हैं, बल्कि तकनीकी विकास से हाल के दौर में इससे जुड़े क्षेत्र युवाओं में भी काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। आज युवा मशीन लर्निंग व डीप लर्निंग की बात कर रहे हैं। मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम मेधा का एक भाग है। वहीं डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग का एक भाग होने के साथ एक मल्टी न्यूरल नेटवर्क भी है, जो मस्तिष्क की संरचना और कार्य से प्रेरित होता है और उसे मशीन में उतारने की कोशिश करता है।

### सुनियोजित तरीके से क्यों रखे कदम

डीप लर्निंग के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आप 12वीं साइंस स्ट्रीम से करने के बाद जेईई मेन, जेईई एडवांस्ड जैसी प्रवेश परीक्षाएं देकर बीटेक और बी ई ग्रेजुएशन कोर्स में दाखिला ले सकते हैं। स्नातक करने के बाद अगर आप इस क्षेत्र में अपने नॉलेज के लेवल को बढ़ाना चाहते हैं, तो पोस्ट ग्रेजुएशन में प्रवेश के लिए गेट परीक्षा देकर एमटेक और एम ई कर सकते हैं।

### सर्टिफिकेट कोर्स के क्या हैं फायदे

डीप लर्निंग के क्षेत्र में अपनी योग्यता को बढ़ाने के लिए आप ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से पीजी में मशीन लर्निंग एंड बिग डाटा एनालिटिक्स, बिग डाटा आदि सब्जेक्ट में सर्टिफिकेट कोर्स कर के अपने करियर को शेप दे सकते हैं। ये सर्टिफिकेट कोर्स न केवल आपकी योग्यता को बढ़ाने में मदद करेंगे, बल्कि इस क्षेत्र में आपको प्रैक्टिकल स्किल्स भी दिलाएंगे।

### इंटर्नशिप से ऐसे करें शुरुआत

अगर आप डीप लर्निंग के क्षेत्र में अभी शुरुआती पड़ाव पर हैं, तो ऐसी कंपनियों की तलाश करें, जहां आप बतौर इंटर्न के तौर पर न्यूरल नेटवर्क, डाटा विश्लेषण और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में कार्य करके अपना अनुभव बढ़ा सकते हैं। इंटर्नशिप के साथ-साथ नेटवर्किंग में सक्रिय रहें, मजबूत ऑनलाइन मौजूदगी बनाएं और काम के क्षेत्र में अपने स्किल्स और क्रिएटिविटी को भी समय-समय पर अपने मैनेजर के सामने प्रजेंट करें। उन कंपनियों को तलाशें जहां न्यूरल नेटवर्क और मशीन लर्निंग में इंटर्नशिप की जा सकती हो। इससे आप अपनी प्लानिंग को आसानी से इंप्लिमेंट कर पाएंगे।

### क्या है जरूरी योग्यताएं

डीप लर्निंग इंजीनियर बनने के लिए आपके पास औपचारिक शैक्षिक योग्यताओं के अलावा इस क्षेत्र से संबंधित कौशल का होना भी अनिवार्य है। आपको क्लाउड कंप्यूटिंग का ज्ञान, एल्गोरिदम की समझ और पाइथन, जावा, जावा स्क्रिप्ट जैसी प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेज का ज्ञान होना बेहद जरूरी है।

### संभावनाएं व सैलरी

एक डीप लर्निंग इंजीनियर के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी के अवसर मौजूद हैं, जिनमें सेवाएं शामिल हैं। वहीं, कैरियर काउंसलर का मानना है कि सफल करियर बनाने के लिए अलग-अलग अनुभव लेना, उन्हें समझना और उन अनुभवों से अपने आपको सही रास्ता दिखाना बहुत जरूरी होता है।

- सॉफ्टवेयर और सूचना सेवाएं
- मैन्युफैक्चरिंग
- वित्त व बीमा
- हेल्थ केयर एंड सोशल असिस्टेंट
- व्यावसायिक
- वैज्ञानिक एवं तकनीकी

सैलरी पैकेज की बात की जाए, तो एक जूनियर डीप लर्निंग इंजीनियर प्रतिमाह लगभग 50 हजार रुपये और सीनियर डीप लर्निंग इंजीनियर प्रतिमाह लगभग 80 हजार रुपये तक कमा सकता है।



# मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में करियर बनाएं करियर

भारत मेडिकल टूरिज्म के लिए आकर्षक डेस्टिनेशन बना हुआ है। हर साल मेडिकल टूरिस्ट की संख्या में वृद्धि हो रही है और इसकी वजह से इस क्षेत्र में जॉब के मौके भी खूब देखे जा रहे हैं। माना जा रहा है कि दुनिया के दूसरे विकसित देशों के मुकाबले भारत में उपलब्ध सस्ते मेडिकल ट्रीटमेंट और एजुकेशन सर्विसेज के कारण यह मेडिकल टूरिज्म का ग्लोबल हब बन सकता है। 2027 तक हेल्थकेयर सेक्टर में करीब 40 मिलियन से ज्यादा जॉब जेनरेट होने का अनुमान है। साफ है कि मेडिकल टूरिज्म सेक्टर में युवाओं के लिए अपॉर्च्युनिटीज की कमी नहीं रहेगी।


### क्या है मेडिकल टूरिज्म

छुट्टियों में लोग ऐसे स्थानों पर जाना चाहते हैं, जहां वे पर्यटन का लुत्फ तो उठा ही सकें, उनके शौक व स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति भी हो जाए। इस कारण से देश में ऐसे केंद्रों का विकास हो रहा है, जहां हीलिंग ट्रेडिशंस, आयुर्वेद, योग, मेडिटेशन, एरोमाथेरेपी, यूनानी व सिद्धा, होम्योपैथी, तिब्बती चिकित्सा, नेचुरोपैथी, एक्यूपंचर और एक्यूप्रेशर, जेम थेरेपी, रेकी हीलिंग, चक्र थेरेपी, बॉडी मसाज और ऑयल थेरेपीज की सुविधाएं उपलब्ध हैं। बड़ी ट्रैवल एजेंसियों में मेडिकल टूरिज्म का अलग विभाग होता है। मेडिकल टूरिज्म को मेडिकल ट्रैवल भी कहते हैं, जिसमें टूरिज्म इंडस्ट्री और मेडिकल केयर के सहयोग से विदेशी या देशी पर्यटकों को कम खर्च पर मेडिकल की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। ट्रीटमेंट के साथ-साथ सैलानियों को उस जगह या देश को एक्सप्लोर करने का मौका भी दिया जाता है। उन्हें अपने घर जैसा एहसास कराया जाता है। लोकेशन या ट्रीटमेंट प्रोसिजर के आधार पर मेडिकल वैकेशन में विदेशी सैलानियों की 10 से लेकर 50 प्रतिशत तक की बचत हो जाती है।

### योग्यता

अगर आप मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं तो अगर आप इस फील्ड से रिलेटेड डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। कई इंस्टीट्यूट्स मेडिकल टूरिज्म में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा और एमबीए कोर्स संचालित करते हैं। कैंडिडेट को ट्रैवल और टूरिज्म इंडस्ट्री के साथ लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री की भी जानकारी दी जाती है। रेगुलर के अलावा ऑनलाइन और डिस्टेंस एजुकेशन के जरिए भी मेडिकल टूरिज्म से संबंधित कोर्स किए जा सकते हैं।





**इंटरनेट के जमाने में एक अच्छी बात यह हुई है कि लोग घर बैठे काम पा सकते हैं और अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। ऑफिस जॉब से कतराने वालों को अब परेशान होने की जरूरत नहीं हैं, वे ऑनलाइन जॉब्स कर घर से भी अच्छा खासा पैसा कमा सकते हैं। ऑनलाइन कमाई आपकी आमदनी बढ़ाने का एक शानदार जरिया है और इसलिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं, घर बैठे आप लाखों कमा सकते हैं।**

# आपकी आमदनी बढ़ाने का एक शानदार जरिया है ऑनलाइन जॉब

### ऑनलाइन सेलिंग

आप ऑनलाइन सेलिंग के जरिए अच्छी कमाई कर सकते हैं। ऐसे कई लोग हैं जो अपने प्रॉडक्ट को अमेजन, फ्लिपकार्ट, ईबे जैसी बड़ी शॉपिंग वेबसाइट्स पर बेचकर लाखों कमा रहे हैं। आपको सबसे पहले तय करना होगा कि कौन-सा प्रोडक्ट सेल करना चाहते हैं। इसके बाद इन साइट्स पर साइनअप करें और अपने प्रोडक्ट को बेचना शुरू कर दें। आपके ऑर्डर आपके मेल बॉक्स में आ जाएंगे और आपको इन्हें कुरियर कंपनी के माध्यम से डिलीवर करने होंगे।

### यूट्यूब से कमाएं

अभी तक भले ही आपने यूट्यूब का इस्तेमाल केवल मनोरंजन के लिए किया है तो अब जरा इसका दूसरा पहलू देख लें। आप यूट्यूब के माध्यम से अच्छा खास पैसा भी कमा सकते हैं। इसके लिए आपको इसके लिए यू-ट्यूब पर एक चैनल बनाना होगा और फिर उस पर यूनिक वीडियो अपलोड करनी होंगी। इसके बाद गूगल एडसेंस का अप्रूवल लेकर अपने हर वीडियो से आप पैसे कमा सकते हैं। जितना अधिक आपकी वीडियो देखी जाएगी, उतना ही पैसा आप कमाएंगे।

### माइक्रो जॉब्स

माइक्रो जॉब्स का सीधा सा मतलब छोटे-छोटे टास्क पूरा करने से है। छोटे-छोटे काम पूरा करने में आपको कुछ ही सेकंड्स लगेंगे लेकिन अच्छी कमाई भी होगी।

### ब्लॉगिंग

यह एक शानदार जॉब है। अगर आपको लिखने का शौक है तो ब्लॉगर के तौर पर आप घर बैठे अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। आप एक पेड ब्लॉग भी बना सकते हैं। अगर आपका अपना ब्लॉग है तो आप अपने ब्लॉग पर कई प्रोडक्ट्स का प्रचार कर सकते हैं। कई कंपनियां अपने प्रोडक्ट्स के प्रचार के लिए पैसा देती है।



# तमिल डेब्यू के लिए परफेक्ट फिल्म है कंचना 4



एक्ट्रेस नोरा फतेही लोकप्रिय तमिल हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'कंचना' के चौथे भाग 'कंचना 4' के साथ तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। इस मोस्टअवेटेड फिल्म में नोरा मुख्य भूमिका निभाएंगी। नोरा ने 'कंचना 4' चुनने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा, जब मुझे यह फिल्म ऑफर हुई, तो मुझे लगा कि तमिल सिनेमा में डेब्यू के लिए यह एकदम सही प्रोजेक्ट है। इस फ्रेंचाइजी की पहले से ही मजबूत पहचान है और इसकी अनोखी स्क्रिप्ट ने मुझे आकर्षित किया। नोरा फतेही ने आगे बताया, क्राइम-कॉमेडी ड्रामा मडगांव एक्सप्रेस की सफलता के बाद मैं एक और कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बनना चाहती थी और इस प्रोजेक्ट के साथ मुझे वही रास्ता नजर आया। मैं इस फिल्म में काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। नोरा ने बताया कि तमिल भाषा सीखना आसान नहीं है। फिल्म के लिए तमिल भाषा सीखना चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्होंने बताया, भाषा हमेशा एक चुनौती होती है, लेकिन मुझे चुनौतियां पसंद हैं। मैंने पहले हिंदी, तेलुगू और मलयालम में भी काम किया है और अब तमिल मेरे लिए सबसे मुश्किल भाषा है और इसमें काम करने को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। नोरा फतेही ने यह भी बताया कि वह अपने किरदार को पर्दे पर उतारने के लिए किस तरह से तैयारी कर रही हैं। उन्होंने बताया, मैं अपने लाइन्स की रिहर्सल करने और उच्चारण पर काम करने के लिए अतिरिक्त समय दे रही हूं। इसके लिए खूब प्रैक्टिस करती हूं। सेट पर मिला प्रोत्साहन सबसे बड़ी प्रेरणा रहा। उन्होंने कहा, क्रू को उम्मीद नहीं थी कि मैं कॉमिक सीन में इतनी सहज रहूंगी। ऐसी प्रतिक्रिया मुझे और बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है। यह संस्कृति और भाषा का सम्मान करने के साथ-साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देने का मौका है। मुझे टीम का भी काफी सपोर्ट मिलता है। नोरा ने तमिल और बॉलीवुड सिनेमा के अंतर को भी रेखांकित किया। उनके मुताबिक, तमिल सिनेमा कहानी और परफॉर्मेंस पर केंद्रित है, जबकि बॉलीवुड की अपनी भव्यता और एनर्जी है। दोनों इंडस्ट्री से सीखना मेरे लिए रोमांचक अनुभव है।



# डेब्यू शो के लिए सनी देओल ने आर्यन खान को दी शाबाशी



बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान डेब्यू करने को तैयार हैं। वे बतौर निर्देशक करियर शुरू कर रहे हैं। हाल ही में उनके डेब्यू शो बैड्स ऑफ बॉलीवुड का प्रीव्यू वीडियो सामने आया। आर्यन के पहले शो के लिए सनी देओल ने उन्हें बधाई दी है।

## सनी देओल ने लिखा, बॉब ने बहुत तारीफ की है

सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने बैड्स ऑफ बॉलीवुड का प्रीव्यू वीडियो शेयर कर लिखा है, प्रिय, आर्यन... आपका शो बेहद शानदार है! बॉब ने आपकी खूब तारीफ की है। आपके पिता को आप पर बहुत गर्व होगा। मेरी तरफ से आपको ढेर सारी शुभकामनाएं, बेटा।

## ये सितारे निभाएंगे अहम भूमिकाएं

आर्यन खान निर्देशित सीरीज में राघव जुयाल और एक्टर लक्ष्य लीड रोल में हैं। साथ ही बॉबी देओल भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा करण जौहर, रणवीर सिंह और सलमान खान भी आर्यन की सीरीज में कैमियो रोल करते दिखाई देंगे। सीरीज में एक्ट्रेस सहर बांबा लीड रोल में हैं। इस सीरीज को गौरी खान ने प्रोड्यूस किया है।

## कब से होगा प्रीमियर

सनी देओल के पोस्ट पर नेटिजन्स के मजेदार कमेंट्स आ रहे हैं। शाहरुख खान के फैंस सनी देओल के पोस्ट पर पॉजिटिव कमेंट्स कर तारीफ कर रहे हैं। वहीं, कुछ यूजर्स सनी देओल पर कथित तौर पर नेपोटिज्म को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, नेपोटिज्म। एक अन्य यूजर ने लिखा, आपकी वजह से वीडियो देख लिया। मैं समझ सकती हूं, दोस्ती निभानी पड़ती है। बैड्स ऑफ बॉलीवुड का प्रीमियर 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर होगा।

# सिद्धार्थ और जाह्नवी हैं परम सुंदरी की परफेक्ट जोड़ी



प्रोड्यूसर दिनेश विजन ने अपनी आगामी फिल्म परम सुंदरी के बारे में बात करते हुए कहा कि यह फिल्म आधुनिक तकनीक और पारंपरिक जीवन शैली के बीच के अंतर को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में सिद्धार्थ और जाह्नवी को कास्ट करने का कारण उनकी एक-दूसरे से बिल्कुल अलग शख्सियत और उनके किरदारों के साथ उनका तालमेल है। टेक्नोलॉजी बनाम सादगी: विजन के मुताबिक, परम सुंदरी सिर्फ एक क्रॉस-कल्चरल कहानी नहीं है, बल्कि यह आज के युवाओं की ज़िंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुकी है। फिल्म का नायक परम, एक ऐसा किरदार है जो टेक्नोलॉजी और ऐप्स पर पूरी तरह निर्भर है। वहीं, सुंदरी का किरदार एक ऐसी दुनिया से आता है जहाँ जीवन बहुत सरल और तकनीक के प्रभाव से दूर है। विजन ने कहा, फिल्म की कहानी यही संदेश देती है कि आज के युवा हर काम के लिए ऐप्स पर निर्भर हैं, और इस वजह से वे असली और ऑर्गेनिक रिश्तों की खूबसूरती को भूलते जा रहे हैं। कास्टिंग पर विजन के विचार: दिनेश विजन ने सिद्धार्थ और जाह्नवी की कास्टिंग को लेकर कहा कि सिद्धार्थ एक हैंडसम हीरो हैं, लेकिन उन्होंने पिछले छह सालों में कोई रोमांटिक-कॉमेडी नहीं की है। वहीं, जाह्नवी, जो असल जिंदगी में सुंदरी जैसी ही हैं, ने भी ऐसा रोल पहले कभी नहीं निभाया।



# नुसरत भरूचा की उफ्फ ये सियापा में दिखेगी बिना डायलॉग डार्क कॉमेडी

नुसरत भरूचा की फिल्म 'उफ्फ ये सियापा' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। बता दें ये फिल्म बिना डायलॉग के एक डार्क कॉमेडी है, जिसमें हर सीन सिर्फ हावभाव और एक्सप्रेशन से कहानी कहता है। फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

फिल्म की कहानी घूमती है केसरी लाल सिंह (सोहम शाह) के इर्द-गिर्द, जो एक साधारण और भोला-भाला इंसान है। उसकी पत्नी पुष्पा (नुसरत) उसे पड़ोसन कमिनी (नोरा फतेही) से फ्लर्ट करने का इल्जाम लगाकर घर छोड़ देती है। जैसे ही वह अपनी बेगुनाही साबित करने की कोशिश करता है, अचानक उसके घर एक लाश मिलती है। मामला यहीं नहीं रुकता, थोड़ी देर में दूसरी लाश भी सामने आ जाती है और केसरी की जिंदगी पूरी तरह उलझ जाती है। इस गड़बड़झाले में इंस्पेक्टर हसमुख (ओमकार कपूर) की एंट्री होती है, जो खुद भी अपने मकसद से कहानी में रंग भरता है।

## फिल्म की स्टारकास्ट

फिल्म में सोहम शाह, नुसरत भरूचा और नोरा फतेही मुख्य भूमिकाओं में हैं। सोहम शाह अपनी सीरियस एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इस फिल्म में उनकी मासूमियत और बेबस कॉमिक टाइमिंग दिल जीत सकती है। नुसरत भरुचा के लिए यह साल खास है क्योंकि यह उनकी दूसरी फिल्म है 'छोरी 2' के बाद। वहीं नोरा फतेही भी 2025 में तीसरी बार बड़े पर्दे पर दिखाई देंगी। हाल ही में वो अभिषेक बच्चन की 'बी हैप्पी' और कन्नड़ थ्रिलर 'केडी - द डेविल' में नजर आ चुकी हैं। 'उफ्फ ये सियापा' का निर्देशन जी. अशोक ने किया है और इसे लव रंजन और अंकुर गर्ग ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। संगीत की जिम्मेदारी ए.आर. रहमान ने उठाई है, हालांकि यह फिल्म गानों से नहीं बल्कि बैकग्राउंड स्कोर और साउंड इफेक्ट्स से दर्शकों पर असर डालेगी। अभिनेता शारीब हाशमी भी एक अहम किरदार में नजर आएंगे।





# रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का हिस्सा बनने जा रहे हैं अर्जुन बिजलानी

## अशनीर ग्रोवर और धनश्री वर्मा भी जुड़ेंगे



टीवी इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता अर्जुन बिजलानी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। 'मिले जब हम तुम', 'लेफ्ट राइट लेफ्ट' और 'नागिन' जैसे लोकप्रिय शोज में अपनी दमदार अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके अर्जुन अब एक नए रियलिटी शो का हिस्सा बनने जा रहे हैं। शो का नाम है 'राइज एंड फॉल', जिसे सितंबर में अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम किया जाएगा। अर्जुन बिजलानी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल वीडियो शेयर किया था, जिसने उनके फैंस को सोचने पर मजबूर कर दिया। वीडियो में अर्जुन अपनी पत्नी नेहा और बेटे अयान का जिक्र करते हुए कहते हैं कि उन्हें एक मुश्किल फैसला लेना पड़ा है और अब वो एक अलग रास्ते पर बढ़ रहे हैं। 'राइज एंड फॉल' एक हाई-वोल्टेज रियलिटी शो है जिसमें 16 कंटेस्टेंट्स हिस्सा लेंगे। शो का फॉर्मेट पावर और स्ट्रैटेजी पर आधारित है। इसमें कंटेस्टेंट्स को दो वर्गों में बांटा जाएगा- शासक और कामगार। शासकों के पास अधिकार और फैसले लेने की ताकत होगी, जबकि कामगारों को उनका पालन करना होगा। लेकिन इस खेल में सत्ता स्थायी नहीं है। किसी भी वक्त शासक कामगार बन सकता है और कामगार शासक। इस तरह शो में लगातार ट्विस्ट एंड टर्न्स देखने को मिलेंगे। इस शो की सबसे बड़ी खासियत है कि इसके होस्ट होंगे भारतपे के पूर्व सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर। बिजनेस जगत की बेबाक शख्सियत के रूप में मशहूर अशनीर पहले ही 'शार्क टैंक इंडिया' से दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो चुके हैं। उनकी मौजूदगी शो को और भी दिलचस्प बनाने वाली है। इसके अलावा चर्चा है कि धनश्री वर्मा, जो क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की एक्स-वाइफ हैं, भी इस शो में कंटेस्टेंट के तौर पर नजर आ सकती हैं।






# सलमान खान ही नहीं, शिल्पा शेट्टी से लेकर संजय दत्त तक; ये सेलेब भी रहे 'बिग बॉस' के होस्ट

बहुचर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 19, 24 अगस्त से शुरू हो गया है। ये नया सीजन भी पिछले कई साल की तरह ही सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाएगा। लेकिन क्या आपको पता है कि साल 2000 में शुरू हुए इस शो को अभी तक कुल छह होस्ट मिल चुके हैं। हालांकि, इन सभी होस्ट में सलमान को दर्शकों द्वारा खूब प्यार मिला। आइए जानते हैं कि बिग बॉस को अभी तक किन-किन सेलेब्स ने होस्ट किया है।



## अरशद वारसी

बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता अरशद वारसी साल 2006 में बिग बॉस के पहले सीजन के होस्ट रहे थे। ये कह सकते हैं कि इस शो की शुभ शुरुआत अरशद वारसी ने ही की थी।




## शिल्पा शेट्टी

बिग बॉस सीजन 2 की होस्ट बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी थीं। इस शो को काफी लोकप्रियता मिली थी। एक्ट्रेस के मजाकिया अंदाज और शानदार कलाकारी को दर्शकों ने पसंद किया था। शो के बीच में एक्ट्रेस की तबीयत खराब होने के कारण उन्हें शो छोड़ना पड़ा।

## अमिताभ बच्चन

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन की एक्टिंग का हर कोई दीवाना है। शिल्पा शेट्टी द्वारा बिग बॉस सीजन 2 बीच में ही छोड़ने के कारण अमिताभ बच्चन ने इसे होस्ट किया था। अभिनेता उस समय कौन बनेगा करोड़पति शो के जरिए लोगों के दिलों में जगह बना चुके थे। बिग बॉस में भी बिग बी ने शानदार काम किया।



## संजय दत्त

बिग बॉस सीजन पांच में सलमान खान होस्ट थे, लेकिन उनके साथ संजय दत्त भी बतौर होस्ट शामिल हुए थे। दोनों अभिनेताओं की जोड़ी को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था।

## फराह खान

बिग बॉस सीजन 8 में निर्देशक-कोरियोग्राफर फराह खान बतौर होस्ट शो के बीच में शामिल हुई थी। वजह थी कि सलमान खान को बजरंगी भाईजान फिल्म की शूटिंग करने के कारण ब्रेक लेना पड़ा था। फराह खान के अंदाज को भी दर्शकों ने पसंद किया था।

## सलमान खान

शो को अभी तक सलमान खान के अलावा पांच होस्ट मिले, लेकिन दर्शकों ने जिसे सबसे ज्यादा पसंद किया वो सलमान खान हैं। अभिनेता सीजन 9 से लगातार बिग बॉस शो को होस्ट कर रहे हैं। आज रविवार से बिग बॉस 19 शुरू हो रहा है, जिसका दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है।



# निक्की भाटी हत्याकांड में दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा : मीनाक्षी भराला

## उप्र महिला आयोग की सदस्या पहुंची रूपवास, निक्की के परिजनों से मिली





**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती मीनाक्षी भराला निक्की हत्याकांड के संबंध में मृतक निक्की के पैतृक गांव रूपवास, दादरी पहुंचीं। उन्होंने निक्की की हत्या के संबंध में पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी प्राप्त की तथा परिजनों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

सदस्य ने कहा कि यह अत्यंत दुखद एवं गंभीर घटना है। प्रकरण में दोषियों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके उपरांत दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए महिला आयोग, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर सदस्य ने कहा कि हमें घरेलू हिंसा एवं दहेज प्रथा जैसी कुप्रथाओं के विरुद्ध मिलकर विचार करना होगा और ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि बेटियों और महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाएं तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में सहयोग करें।

सदस्य ने इस दौरान सभी ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि यदि बेटियां ससुराल में घरेलू हिंसा की शिकार हो रही है, और वह अपने मायके में आ गई है और वह ससुराल में दोबारा जाने के लिए इच्छुक नहीं है, तो ग्राम समाज द्वारा उनको जबरन ससुराल ना भेजा जाए।

इस दौरान एसीपी पुलिस अजीत कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन विभाग के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गौतमबुद्धनगर में 5 मुख्य सेविकाओं को दिये नियुक्त पत्र

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा चयनित 2425 मुख्य सेविकाओं की नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। जनपद गौतमबुद्धनगर में भी विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में मुख्य सेविकाओं के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में देखा गया।




प्रदेश में कुल 2425 मुख्य सेविका को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। जिसमें गौतमबुद्ध नगर जनपद से 5 मुख्य सेविकाओं का चयन किया गया है, जिनमें आरती, सीमा, कोमल, करिश्मा और प्रियंका सम्मिलित हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य ने कहा कि मुख्यमंत्री की संवेदनशील सोच एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के परिणामस्वरूप विभाग को नई मजबूती मिली है। मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी ने नव नियुक्त मुख्य सेविकाओं को ईमानदारी, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शिवा कांत, जिला कार्यक्रम अधिकारी तरुण कुमार, अतिरिक्त सांख्यिकी अधिकारी प्रीति सिंह, सीडीपीओ संध्या, चारु एवं कुलप्रीत सहित अनेक अधिकारी एवं कार्यकर्ता व मुख्य सेविकाएँ पूनम, रितु एवं ममता तिवारी भी उपस्थित रही।

# कांग्रेस में नए जोश और नए नेतृत्व को मौका देंगे: संजय कपूर

## संगठन सृजन कार्यशाला में जुटे कांग्रेसी नेता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन के संकल्पों के अनुसार उत्तर प्रदेश कांग्रेस द्वारा पूरे प्रदेश में जारी संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिला व शहर कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्धनगर की संगठन सृजन कार्यशाला जनपद कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय बिसरख पर संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, पूर्व विधायक व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जोनल प्रभारी संजय कपूर ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की वर्षों से उत्तर प्रदेश कांग्रेस की कमजोरी का सबसे बड़ा कारण जातीय धुर्वीकरण और संगठन का कमजोर होना है। हम बीते कई सालों से देखते आ रहें है पुराने कार्यकर्ता ज्यादा सक्रिय नहीं हो पा रहे हैं। नए ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को संगठन में सही मौका नहीं मिल पा रहा है। संगठन सृजन अभियान का मूल उद्देश्य यही है कि हम नए जोश और नए नेतृत्व को संगठन में काम करने का मौका दिया जा रहा है। हर एक जाति-बिरादरी, महिलाओं और अल्पसंख्यकों को संगठन में समायोजित कर अच्छा संगठन तैयार करें।



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि जिला संगठन के अंतर्गत आने वाले चारों ब्लॉकों, छः नगरीय क्षेत्रों में से पांच नगरों की कमेटियाँ अनुमोदन के लिए प्रदेश मुख्यालय भेजी जा चुकी हैं तथा जनपद क्षेत्र को 60 मंडलों में बांटकर सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष बनाये गये हैं।

संगठन सृजन कार्यशाला कार्यक्रम का संचालन किसान कांग्रेस के अध्यक्ष गौतम अवाना ने किया। समीक्षा बैठक में अजय चौधरी, जिला समन्वयक अलोक गौड, जोगेश नेहरा,पुरषोत्तम नागर,सुभाष गाँधी,नरेश भाटी,दुष्यंत नागर, गौतम अवाना, राधा रानी,धर्मेंद्र भाटी,ललित अवाना, चरण सिंह, मुकेश शर्मा, नीरज लोहिया, रिजवान चौधरी,किशन शर्मा, डॉ रघुराज शर्मा,गौतम सिंह, कपिल भाटी, विजय नागर, तीरथराम बाल्मीकि, अनित भाटी, राहुल पांडेय, कैप्टन रावत, डॉ. सीमा. चंदा देवी,धर्मवीर प्रधान, राजू राव, गणेश मीणा, आर के प्रथम, पुनीत मावी, नीरज लोहिया, रमेश वाल्मीकि,सुबोध भट्ट, नरेश कुमार शर्मा, नीरज शर्मा, तनवीर अहमद, सचिन जीनवाल, अरविन्द रेक्सवाल,अशोक पंडित, यतेन्द्र शर्मा, सूबेदार सतपाल फौजी, सतीश शर्मा, महकार सिंह, नरेश शर्मा, रमा नैय्यर, कैलाश बंसल, ओंकार सिंह राणा, नरेंद्र पाल, रणवीर सिंह, होशियार सिंह, मनोहर लाल शर्मा, बबलू शर्मा, सोरेन लाल, प्रभु दयाल शर्मा, पप्पू, स्वर्ण, धीर सिंह, गौरव वशिष्ठ, बिन्नू भाटी, मोहित भाटी, ओम कुमार, दीपक प्रजापति, रुपेश भाटी, गीता देवी, बबलू शर्मा, नितीश शर्मा,इंद्रेश कुमार, ,आसिफा, विपिन त्यागी, असगर, कारी निजामुद्दीन, मनोज कुमार, रामबाबू शर्मा, अजय कुमार अत्रि, सुमित कुमार, सतपाल, लायक राम, रमेश चाँद प्रधान, जगदीश , यतेंद्र भाटी, जगदीश प्रधान, सतबीर प्रधान, मेहरचंद हवलदार, रमन, सचिन, मनोज गौतम, गजराज सिंह, हरीश भार्गव, सचिन शर्मा, यूनुस कुरैशी, दयानद नागर, बॉबी प्रधान, प्रदीप, अमित भाटी, हरेंद्र मावी, लोकेश भाटी, अरुण भाटी, मोहम्मद तकि, वसीम मालिक, संजय तनेजा, एस0 एस0 शिशौदिया,आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-70 फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश प्रतिमा की स्थापना कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने गणेश के जन्म की कहानी पर आधारित नाटक का मंचन किया।

इस दौरान शोभिता, स्नेहा, खुशी, आराध्या, नैतिक, वंश, सारांश, और एंजेल जैसे बच्चों ने गणेश जी की कहानी पर आधारित नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम में बच्चों के माता-पिता भी उपस्थित थे। फाउंडेशन के निदेशक डॉ. दीक्षा श्रीवास्तव और डॉ. महिपाल सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुष्मिता भाटी, और डिजिटल मीडिया प्रबंधक सौम्या सोनी मौजूद थे।

केंद्र प्रबंधक सुरभि जैन ने कहा कि ऐसे आयोजन दिव्यांग बच्चों को समाज में आत्मविश्वास की भावना प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# नोएडा में 31 अगस्त को होगा विराट वैश्य महासम्मेलन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य संगठन के तत्वावधान में आगामी 31 अगस्त को एक विराट वैश्य महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।




लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

अंतरराष्ट्रीय वैश्य संगठन के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। सम्मेलन शाम 4 बजे वेडिंग क्राउन सम्राट हॉल नियर सुपरटेक केपटाउन सेक्टर 74 नोएडा में होगा।

महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य वैश्य समाज की एकता एवं जागरूकता पर चर्चा, राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने और महिला सशक्तिकरण पर चर्चा होगी।

मीडिया प्रभारी मनीष गुप्ता ने बताया कि विराट वैश्य महासम्मेलन में मुख्य अतिथि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, दर्जा राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, मेयर सुनीता दयाल, सांसद अतुल गर्ग, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, सांसद रूचि वीरा, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, डा. नीरज वोरा, विधायक अमित अग्रवाल, श्रीमति मुक्ता राजा, प्रशांत सिंघल, महापौर अलीगढ़, मयंक गोयल जिलाध्यक्ष भाजपा, नितिन गुप्ता पूर्व राज्य मंत्री व मनोज गुप्ता निर्वतमान महानगर अध्यक्ष भाजपा समेत देश भर की सामाजिक, राजनैतिक, व्यापारिक संस्थाओं के वरिष्ठ वैश्य नेतागण शामिल होंगे।

प्रेसवार्ता में संगठन के उपाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, सुधीर पौरवाल, प्रदीप अग्रवाल, महेश बाबू गुप्ता, सत्य नारायण गोयल, अमित पौरवाल, बलराज गोयल, अरविन्द गुप्ता, संदीप गर्ग, सचिन गुप्ता व नवीन गर्ग मौजूद रहे।

# पार्श्व गायक मुकेश की याद में शुक्रिया मुकेश का आयोजन 30 को

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक स्वर्गीय मुकेश की याद में उनकी पुण्यतिथि पर शुक्रिया मुकेश कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नवरत्न फाउंडेशन द्वारा यह कार्यक्रम सेक्टर-6 स्थित एनईए ऑडिटोरियम में 30 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी नवरत्न फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ अशोक श्रीवास्तव ने दी।

अध्यक्ष डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा पिछले 20 वर्षों से लगातार पार्श्व गायक मुकेश कुमार की याद में शुक्रिया मुकेश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस बार यह कार्यक्रम 30 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नोएडा, दिल्ली एनसीआर के कई प्रसिद्ध गायक स्वर्गीय मुकेश द्वारा गाए गए गानों की मधुर प्रस्तुति देंगे।




अध्यक्ष डॉ श्रीवास्तव के मुताबिकन्न फाउंडेन्स अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यों के साथ साथ संगीत के बेहतरीन कार्यक्रम आयोजित करती है। नवरत्न फाउंडेशन का उद्देश्य इस तरीके के कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को सुकून के कुछ पल उपलब्ध कराने का है।

# भक्ति व उल्लास के साथ गणपति बप्पा विराजमान

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सोसाइटी शिव मंदिर में गणपति बप्पा को विराजमान किया गया। मंदिर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में भक्ति व उल्लास का संगम देखने को मिला। गोल्फ फॉरेस्ट सोसाइटी का शिव मंदिर ट्रस्ट एवं कार्यकारिणी के तत्वावधान में आयोजित गणपति बप्पा की स्थापना की गई।

गणपति बप्पा की स्थापना के साथ ही पांच दिवसीय महोत्सव की शुरुआत हो गई है। आने वाले दिनों में सुबह और शाम विशेष पूजा-अर्चना, हवन, आरती और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। समापन दिवस पर गणपति विसर्जन यात्रा का आयोजन होगा, जो पूरी श्रद्धा और धूमधाम के साथ निकाली जाएगी।

अशोक चौधरी (मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष) ने इस अवसर पर कहा कि गणपति बप्पा मंगलकारी और विघ्नहर्ता हैं। यह पंचदिवसीय महोत्सव समाज में सुख-शांति और भाईचारे का संदेश देगा। शिव मंदिर ट्रस्ट महासचिव एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष गौरव शर्मा ने कहा कि यह आयोजन समाज की एकजुटता और श्रद्धा की शक्ति का प्रतीक है। गणपति उत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक मेल-जोल और एकता का भी परिचायक बनेगा।



शिव मंदिर अध्यक्ष अलंकार शर्मा, स्वाति तल्यान व प्रियंका गेरा ने बताया कि मंदिर परिसर को इस मौके पर फूलों की झालरों और रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया है। गणपति बप्पा की मूर्ति को विशेष रूप से तैयार मंच पर स्थापित किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

इस शुभ अवसर पर विंग कमांडर योग्यराज शर्मा, राजश्री बिष्ट, अशोक बालियान, पूर्व अध्यक्ष गौरव सिंह, बबीता मालिक, सुभाष पाल, कमलेश शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, गौरी सोनी, सौरव सिंह, विभांशु भारद्वाज, मोनिका गोयल, रेनू पाल, रजनीश यादव, प्रिंस सोनी, सौरभ मिश्रा, शंकर केसरी, पल्लवी शर्मा, श्वेता गोयल, विभा यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। सभी ने गणपति बप्पा के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की।

